नव प्रदेश

www.navpradesh.com जबलपुर, रविवार 24 अक्टूबर 2021, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, नवमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-02 अंक- 347 पृष्ठ- 08 मूल्य-3 रुपए जबलपुर, भोपाल, छत्तीसगढ़ बिलासपुर, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना के खिलाफ जंग में भारत की ताकत का सारी दुनिया ने लोहा मान लिया है। रिकार्ड समय में भारत में न सिर्फ कोरोना की सबसे सस्ती वैक्सीन बना ली बल्कि सौ करोड़ टीके लगाने में भी कामयाबी हासिल कर ली। वह भी निःशुल्क। निश्चित रूप से यह एक बड़ी उपलब्धि है। जिसपर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिए। इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकारें बधाई की पात्र है। भारतीय वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और मेडिकल स्टॉफ सहित उन तमाम कोरोना योद्धाओं को भी इसका श्रेय जाता है जिन्होंने शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने में अमूल्य योगदान दिया।

सूर्योदय

उदय : 6:31 सुबह

अस्त : 5:51 शाम

जनसंख्या

विश्व : 7,901,521,800

भारत : 1,398,038,989

बाजार

सेंसेक्स : 61,420.13

निफ्टी : 18,314.25

गोल्ड : 47,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,150 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.39 प्रति नग

आत्मनिर्भर भारत के लाभार्थियों से संवाद

आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है गोवा : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा के आत्मनिर्भर भारत स्वयंपूर्ण योजना के लाभार्थियों और हितधारकों से संवाद किया। सुबह 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए लोगों को संबोधित कर रहे हैं। इश दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जब सरकार का साथ और जनता का परिश्रम मिलता है तो कैसे परिवर्तन आता है, कैसे आत्मविश्वास आता है ये हम सभी ने स्वयंपूर्ण गोवा के लाभार्थियों से चर्चा के दौरान अनुभव किया। अब देश ने भी 100 करोड़ वैक्सीन डोज का आंकड़ा पार कर लिया है। इससे लोगों में, पर्यटकों में विश्वास बढ़ा है। इससे गोवा के टूरिज्म सेक्टर में नई ऊर्जा देखने को मिलेगी। गोवा में स्वदेशी और विदेशी दोनों पर्यटकों की आवाजही भी निश्चित रूप से बढ़ने वाली है। मछली के व्यापार-कारोबार के लिए अलग मंत्रालय से लेकर मछुआरों की नावों के आधुनिकीकरण तक हर स्तर पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत भी गोवा में हमारे मछुआरों को बहुत मदद मिल रही है। गोवा ने गरीबों और जरूरतमंदों को

मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के 100 फीसद लक्ष्य को हासिल किया है। पिछले 1-2 वर्षों में गोवा ने न केवल महामारी बल्कि कई चक्रवातों और बाढ़ का भी सामना किया है। गोवा के पर्यटन क्षेत्र को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने लगातार राहत कार्य जारी रखा। मेरे मित्र स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर जी ने गोवा को तेज विकास के जिस विश्वास के साथ आगे बढ़ाया, उसको प्रमोद जी की टीम पूरी ईमानदारी से नई बुलंदियां दे रही है। आज गोवा नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। गोवा में महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। इन योजनाओं का भी विस्तार हो रहा है। गोवा का अर्थ है प्रकृति और पर्यटन, लेकिन आज इसका अर्थ विकास का नया माडल और सामूहिक प्रयासों का प्रतिबिंब भी है- पीएम मोदी एक अक्टूबर 2020 को शुरू की गई गोवा की इस योजना के तहत राज्य सरकार स्वयंपूर्ण मित्र के रूप में अधिकारियों की नियुक्ति करती है और वे पंचायत और नगर निगम क्षेत्र में जाकर लोगों से बात करते है और यह सुनिश्चित करते हैं कि विभिन्न सरकारी विभागों के समन्वय से सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचे।

गृहमंत्री शहीद के परिवार से मिलने पहुंचे श्रीनगर

बढ़ते आतंकवाद और कट्टरता पर अफसरों से जवाब-तलब, लंबी मुठभेड़ों पर सवाल उठाए

श्रीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिनी जम्मू-कश्मीर दौर शनिवार को श्रीनगर पहुंचे. एयरपोर्ट पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वागत किया. केंद्रीय गृहमंत्री सबसे पहले शहीद पुलिस इंस्पेक्टर परवेज अहमद के घर गए और श्रंद्धाजलि दी. आतंकियों ने 22 जून को परवेज की हत्या कर दी थी. इसके बाद घाटी की सुरक्षा को लेकर आला अधिकारियों के साथ बैठक की. गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीनगर में स्थित राजभवन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई लेवल मीटिंग की। 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 रद्द होने के 25 महीने बाद यह शाह की पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गृहमंत्री का स्वागत किया। शाह यहां से सीधे जम्मू-कश्मीर सीआईडी के शहीद इंस्पेक्टर परवेज अहमद डार के घर पहुंचे। उन्होंने परवेज को श्रद्धांजलि दी और उनके घरवालों से मुलाकात की। बैठक में कश्मीर में बढ़ते आतंकवाद और कट्टरता पर सुरक्षा एजेंसियों से जवाब मांगा। उन्होंने घाटी में लंबे तक चलने वाली मुठभेड़ पर भी सफाई मांगी। बैठक में घाटी में लगातार हो रही आम नागरिकों की हत्या और सीमा पार से होने वाली घुसपैठ में बढ़ोतरी पर भी चर्चा हुई।

शाह का दौरा आतंकियों को संदेश

पिछले 15 दिनों में अलग-अलग घटनाओं में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों की टारगेट किलिंग कर रही है। हाल की घटनाओं में 11 लोग मारे गए हैं। वहीं, सुरक्षाबलों ने भी आतंकियों को जवाब देने के लिए पूरी घाटी में ऑपरेशन क्लीन चला रखा है। पिछले 15 दिनों में कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों के साथ 11 मुठभेड़ों में 17 आतंकी मारे गए हैं। वहीं 9 जवान भी शहीद हुए हैं। शाह इस दौरे से आतंकियों को मैसेज भी देना चाहते हैं। उन्होंने सुरक्षाबलों को आतंकियों को के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पत्नी को दिया नौकरी पत्र

मुलाकात के बाद शाह ने सोशल मीडिया पर कहा कि शहीद जवान परवेज अहमद के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुझे और पूरे देश को उनकी बहादुरी पर गर्व है। उनके परिजनों से भेंट की और उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी दी। शाह ने कहा है कि मोदी जी ने जो नए जम्मू-कश्मीर की कल्पना की है, उसे साकार करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस पूरी तन्मयता से कोशिश कर रही है। कश्मीर में पिछले कुछ दिनों के अंदर हुए आतंकी हमलों और गैर कश्मीरियों पर हमलों के बाद शाह का यह दौरा सुरक्षा की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। शाह 3 दिन जम्मू-कश्मीर में कई अहम बैठकें करेंगे। शाह के दौरे को देखते हुए गृह मंत्रालय ने कश्मीर में विशेष तौर पर स्नाइपर्स, ड्रोन और शार्पशूटर्स को तैनात किया है इन्हें स्ट्रैटेजिक पॉइंट की देखरेख के लिए भेजा गया है।

अमित शाह के कार्यक्रम

सूत्रों के अनुसार, अमित शाह श्रीनगर से शारजाह की पहली इंटरनेशनल फ्लाइट का भी उद्घाटन करेंगे। श्रीनगर और वअए को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित सीधी उड़ान के बारे में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले महीने अपनी कश्मीर यात्रा के दौरान घोषणा की थी। शाह श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अलग-अलग राजनैतिक दलों के डेलिगेशन, कश्मीर ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन, हाउस बोट एसोशिएशन, कश्मीर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स, सुरक्षा एजेंसियों और कश्मीर सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। इस मीटिंग के एजेंडे में कश्मीर का विकास प्रमुख मुद्दा होगा। गृह मंत्री 24 अक्टूबर को जम्मू में भाजपा की एक रैली को संबोधित करेंगे। 25 अक्टूबर को वे श्रीनगर के रडकउउ में एक रैली को संबोधित करेंगे।

कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला, रामबन और अनंतनाग सहित कई जिलों में शनिवार सुबह सीजन की पहली बर्फबारी हुई। कश्मीर के प्रसिद्ध हिल स्टेशन गुलमर्ग में बर्फ की सफेद चादर नजर आने लगी है। आज सुबह हुई बर्फबारी के बाद यहां स्कीइंग शुरू कर दी गई है। इस सीजन में यहां दुनियाभर से स्कीइंग लवर्स आते हैं। इस बार भी सैकड़ों पर्यटक पहुंच चुके हैं। पहलगाम में भी आज सुबह बर्फबारी हुई है। इसके बाद यहां टेम्परेचर माइनस 0.3 डिग्री रह गया है, वहीं श्रीनगर में पारा 5.6 डिग्री है।

मां ने इंटरनेट में तरीका तलाश कर अपनी ही मासूम बच्ची की कर दी हत्या

उज्जैन। उज्जैन में दिल दहला देने वाला वाकया हुआ। यहां एक मां ने अपनी तीन महीने की बच्चीको पानी में डुबोकर मार डाला। बच्ची को कैसे मारें, इसके तरीके मां ने गूगल पर सर्च किए थे। मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये घटना उज्जैन के खाचरौद इलाके की है। यहां रहने वाले भटेवरा परिवार की तीन माह की बच्ची का शव पानी की टंकी में मिला था। शक बच्ची की मां पर था और शक सही निकला। 12 अक्टूबर को हुए सनसनी खेज चर्चित हत्या कांड में साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 3 माह की बच्ची की हत्या करने वाली मां को गिरफ्तार किया है।

अक्षय कुमार ने महाकाल के समक्ष लगाई हाजिरी

उज्जैन। फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार आज शनिवार की सुबह उज्जैन पहुंचे। वे अपनी फिल्म ओह माय गॉड 2 की शूटिंग के लिए आए हैं। मंदिर पहुंचने के पहले ही उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह उन्हें लेने महाकाल धर्मशाला पहुंच गए थे। अक्षय कुमार को वे खुद अपने साथ मंदिर के अंदर ले गए व बाबा महाकाल के दर्शन कराए। इसके पहले कलेक्टर आशीष सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि शूटिंग के दौरान मंदिर की सभी जरूरी व्यवस्थाएं चालू है। दर्शन भी नहीं रोके गए हैं तथा आरती, पूजन का सिलसिला भी जारी है। शूटिंग परिसर में होगी। अक्षय कुमार आज शाम तक यहीं रहेंगे। फिल्म की पूरी यूनिट उज्जैन में है। अक्षय कुमार ने ट्विटर पर लिखा, कर्ता करे न कर सके शिव करे सो होय।

फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नाम अब अयोध्या कैंट

लखलऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अब अयोध्या कैंट करने का फैसला लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक योगी सरकार इस संबंध में जल्दी ही अधिसूचना जारी करने वाली है। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से भी योगी सरकार के इस फैसले को मंजूरी दे दी गई है। उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया है कि उट योगी आदित्यनाथ ने फैजाबाद रेलवे जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या कैंट करने का फैसला लिया है। आपको बता दें कि 2018 में योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि फैजाबाद को

अयोध्या जनपद के नाम से जाना जाएगा। 6 नवंबर 2018 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने फैजाबाद जिले का नाम बदलकर अयोध्या करने और जिले के प्रशासनिक मुख्यालय को अयोध्या शहर में स्थानांतरित करने को मंजूरी दी। गौररतलब है कि इससे पहले अक्टूबर 2018 में इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज कर दिया था। इसके बाद जून 2018 में 100 साल से अधिक पुराने मुगलसराय रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विचारक दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर रखा गया था।

समस्तीपुर में सरपंच प्रत्याशी के पति की नृशंस हत्या

समस्तीपुर। समस्तीपुर के खानपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ा गांव में शनिवार की सुबह सरपंच पद के प्रत्याशी पति का शव धान के खेत में फेंका मिला। शरीर पर जख्म के निशान थे। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अपराधिया ने कहीं और उसकी हत्या की फिर शव को धान के खेत में लाकर फेंक दिया।शव मिलने की सूचना पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। मृतक की पहचान रेवड़ा पंचायत निवासी कृष्णा राय (55) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

छत्तीसगढ़ के कवर्धा हिसा मामले में बीजेपी के 5 नेताओं का सरेंडर प्रदेश मंत्री रायपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट, दुर्ग जेल से 58 को जमानत

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के कवर्धा हिंसा मामले में बीजेपी के प्रदेश मंत्री विजय शर्मा सहित 5 नेताओं ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद देर रात करीब डेढ़ बजे विजय शर्मा को रायपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में सांसद सहित कई नेता भी गिरफ्तारी दे सकते हैं। सभी को आरोपी बनाया गया है। वहीं, शनिवार को दुर्ग सेंट्रल जेल में बंद 58 आरोपियों को जमानत मिल गई। इसके बाद अब तक दोनों गुटों से 147 आरोपियों को छोड़ा जा चुका है।हिंसा मामले में कई बड़े नाम शामिल हैं। हालांकि, इनकी गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है। इस बीच शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मंत्री विजय शर्मा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, कार्यालय मंत्री पन्ना चंद्रवंशी और बजरंग दल के कार्यकर्ता राहुल चौरसिया ने शुक्रवार को कोर्ट पहुंचकर सरेंडर किया है।

26 अक्टूबर को होने वाली किसान महापंचायत स्थगित

नई दिल्ली। अखिल भारतीय किसान यूनियन की 26 अक्टूबर को होने वाली महापंचायत स्थगित कर दी गई है. अब ये 22 नवंबर को होगी. संयुक्त किसान मोर्चा ने ये फैसला लिया है. कहा है कि लखनऊ में भी महापंचायत होगी. बता दें कृषि कानून के विरोध प्रदर्शन के 11 माह होने पर 26 अक्टूबर को राजधानी के सीमा पर आयोजन होना था. वहीं किसान संगठन ने कुंडली बॉर्डर पर हत्या की जांच सुप्रीम कोर्ट से जांच कराने की मांग की है. वहीं संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने की मांग की।

भोपाल के सेंट्रल स्कूल में पढ़ी जा रही थी नमाज

सांसद प्रज्ञा सिंह ने स्कूल प्रबंधन की ली क्लास

भोपाल। भोपाल के सेंट्रल स्कूल क्रमांक दो में जब सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर पहुंची तो वहां मुस्लिम समुदाय के बाहरी लोगों को परिसर के भीतर नमाज पढ़ते देखकर वे बिफर पड़ीं। स्कूल प्रबंधन से स्कूल की बच्चियों की सुरक्षा को लेकर सवाल किए तो पुलिस अफसरों को भी ऐसी जगह नमाज पढ़े जाने पर संज्ञान नहीं लेने को उनकी लापरवाही बताया। सांसद के सवालों पर स्कूल प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों की बोलती बंद हो गई। भोपाल के शिवाजी नगर स्थित सेंट्रल स्कूल क्रमांक दो के बाहर स्थित गुमठी वालों की शिकायत पर शुक्रवार को सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर पहुंची थी। वहां उन्होंने स्कूल के दोनों गेट का निरीक्षण किया तो पाया कि स्कूल परिसर में ही कई लोग नमाज पढ़ रहे थे। जब उन्होंने यह देखा तो उनका गुस्सा देखते ही बना और स्कूल प्रबंधन व पुलिस अधिकारियों की जमकर क्लास ली। स्कूल के प्रिंसिपल एसके पाठक के कक्ष में स्कूल प्रबंधन द्वारा अब तक क्या क्या एक्शन लिया गया, यह सवाल किए। एक शिक्षक के नमाज पढ़ने वालों का पक्ष लेने पर सांसद ने उस पर जमकर गुस्सा उतारा। सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि सेंट्रल स्कूल परिसर में नमाज पढ़ने के लिए बाहरी लोगों के आने से बच्चियों की सुरक्षा को खतरा है।

मुख्यमंत्री ने 77 लाख किसानों के खाते में डाले 1540 करोड़ रुपये

प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना लागू की गई है

भोपाल

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के मिंटो हाल में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत प्रदेश के 77 लाख किसान परिवारों को 1540 रुपये करोड़ सिंगल क्लिक द्वारा वितरित किए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और कन्या पूजन के साथ हुई। सीएम ने यहां किसानों से संवाद भी किया। इसमें वे जिले शामिल नहीं हुए, जहां उपचुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की भलाई के लिए जो काम करता है, ऐसे किसानों को मैं हाथ जोड़कर प्रणाम करता हूं। भगवान के बाद मेरे लिए श्रद्धा के केंद्र किसान हैं। ये देश आपका ऋणी है। आप भाग्य विधाता हो। कांग्रेस ने शिकायत की। मैं कहता हूं देने वाला दे रहा है लेने वाला ले रहा है तुम्हें क्यों तकलीफ है। ये रनिंग योजना है। आठ महीने बाजार बंद रहे। खजाना खाली फिर भी पैसा दे रहे हैं। 2003 से पहले दो हजार करोड़ टन उत्पादन हो रहा था, जो अब बढ़कर

छह हजार करोड़ हो गई। ये सिंचाई से संभव हुआ। हमने सिंचाई योजनाएं बनाई। निमाड़-मालवा में पठार पर नर्मदा का पानी पहुंचाना था। एक समय कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने मना कर दिया था। हमने तकनीकी लोगों से बात की और सफल हुए। बरगी का पानी टनल के जरिए सतना पहुंचाने का काम कर रहे हैं। कई योजना पर काम कर रहे हे। जहां भी पानी होगा, वहां रोकूंगा और किसानों को पानी दूंगा। 65 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य है। कोयला महंगा हो रहा है बिजली खपत बढ़ रही है। मैंने तय किया किसानों को सस्ती बिजली दूंगा। इसके लिए सरकार को 21 हजार करोड़ रुपये देना पड़ता है। कोयला संकट पूरी दुनिया में आ रहा है। फिर भी मैं भरोसा दिला रहा हूं प्रदेश में बिजली संकट नहीं आने दूंगा। सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराऊंगा।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इथेनॉल बनाने के लिए हम योजना ला रहे हैं। अनाज से इथेनॉल बनाएंगे। ताकि पेट्रोल की जरुरत पूरी कर सकें। अपने यहां बंपर पैदावार हो रही है। कांग्रेस राहत राशि और फसल बीमा योजना की राशि नहीं दे पाई थी। हम 3300 करोड़ का फसल बीमा जल्द करेंगे। फसलों को नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई मामा करेगा। नई फसलों पर भी काम करें। इसमें हम सहयोग करेंगे। सिर्फ गेहूं-धान बोने से भी एक समय बाद समस्या खड़ी होगी। फसलों के एक्सपोर्ट पर भी काम कर रहे हैं। मेरी किसान भाइयों से अपील है कि एक्सपोर्ट क्वालिटी पैदा करें। खाद को लेकर चिंता न करें। कोरोना के जैसी मानीटरिंग कर रहे हैं। ब्लेक किया तो जेल भेज देंगे।

वैक्सनीशेन के आंकडो में हेराफेरी कर देश को गुमराह कर रही भाजपा: खुराना

सिवनी (नव प्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी अपनी नालायकी की मार्केटिंग करने से बाज नही आती, देश के ज्वलंत मुद्दो से ध्यान भटकाने के लिये इस तरह के आयोजन करती है, जब पूरा देश कोरोना की चपेट में था। देश के गरीब मजदूर को सैकड़ो किलोमीटर भूखे-प्यासे पैदल चलने के लिये मजबूर किया गया, लोग इलाज के लिये भटक रहें थे, लोगो की जॉन जा रही थी तब देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ताली, थाली बजवा रहे थे और दिया जलवा रहें थे। उस समय उन्हें पैदल चल रहें मजदूरो के लिये परिवाहन की व्यवस्था करना व कोरोना से मर रहें लोगो के लिये इलाज मुहैया कराना उचित नही समझा। 100 करोड़ वैक्सीनेशन का ढिढोरा पीट कर श्रेय लेने वाले देश के प्रधानमंत्री क्या देश में हुई कोविड से मौतो की, इलाज उपलब्ध नही कराने की, नदियों में तैरती लाशो की, कफन नोचते लाशो की, इलाज के अभाव में देश के लाखों लोगो ने अपनी जॉन गवा दी, क्या इस बात की जिम्मेदारी लेंगे ?

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि यह पहला अवसर नही है कि देश में कोई महामारी आयी है इसके पूर्व में प्लेंग, चेचक, पोलियों और ऐसे कई जरूरी टीके पूर्व सरकारों द्वारा लोगो के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये

लगाये गये, हमारे देश के वैज्ञानिकों ने अनेक महामारी के टीके देश में तैयार किये और विदेशो को भेजा गया लेकिन इस तरह प्रचारित नही किया गया, बेहतर चिकित्सा सुविधा देना प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी है। मोदी सरकार अपनी जिम्मेदारीयों का ढिंढ़ोरा पीटना बंद करें, लोंगो को मूलभूत सुविधा देने के नाम पर डीजल-पेट्रोल, गैस, खाद्य तेल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की वस्तुओं पर मनमाना टैक्स थोपना बंद करें।

श्री खुराना ने कहा कि देश में वैक्सीनेशन के लिये आभार व्यक्त करना चाहिये देश के वैज्ञानिकों का, निर्माता दवा कम्पनियों का, चिकित्सा सेवा दे रहे सभी लोगो का। आंकडो में हेराफेरी कर देश को गुमराह करना भारतीय जनता पार्टी बंद करें, देश की 134 करोड़ आबादी में 18 वर्ष के कम आयु के लोगो को टीका नही लगा है बहुत से ऐसे लोग है जिन्हें दूसरा डोज नही लगा है। आज देश आर्थिक रूप से बहुत पिछड़ते जा रहा है, मंहगाई चरम पर है लगे हुये रोजगार छीने जा रहें है लाभ के सरकारी उपक्रम औने-पौने दाम पर सरकार द्वारा बेचे जा रहें है, युवाओं को रोजगार नही मिल पा रहा है, देश में सैनिक शहीद हो रहें है, कशमीर से लोग पलायन कर रहें है, चीन लगातार देश के अंदर घुसपैठ कर रहा है आज आवश्यकता है देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था को सम्हालने की, युवाओं को रोजगार देने की, मिटते सरकारी उपक्रम बचाने की, लोगो को मंहगाई से राहत दिलाने की, विदेशी

अमर शहीद करणवीर सिंह चौहान भारत माता की गोद में पंचतत्व में विलीन हुए

रामपुर बघेलान। रामपुर बघेलान.(दलदल) गांव के जन्मे अमर शहीद लाल करणवीर सिंह पंचतत्व में विलीन हुए जैसा कि आप सभी को मालूम होगा कि विगत 2 दिन पूर्व जम्मू कश्मीर के सीपिया आतंकी मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर अंततः अपना शरीर भारत देश के लिए न्योछावर कर दिए.शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा, कणवीर सिंह अपने माता-पिता के दो भाई थे जिनमें से की बड़े भाई इंजीनियर इंदौर पर कंपनी पर नियुक्त थे तथा दूसरे भाई स्वयं करणवीर सिंह थे पिताजी राजू सिंह चौहान जोकि रिटायर फौजी अफसर थे ऐसे अमर शहीद को देश तथा प्रदेश की जनता स लूट करती है, प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान मुखाग्नि देने में उपस्थित थे उन्होंने शोक संवेदना के बाद शहीद के माता पिता को धड़ स दिल आया तथा एक करोड़ सहायता राशि बड़े भाई को सरकारी नौकरी तथा गांव में याद के लिए स्मारक बनवाने की घोषणा किए मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्य लोग भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे जिनमें नगर पंचायत मंत्री रामखेलावन पटेल सांसद गणेश सिंह रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह विकी पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह पूर्व विधायक चित्रकूट विधायक नीलांशु चतुर्वेदी सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा , सज्जन सिंह तिवारी बजरंग सेना की राष्टीय संगठन मंत्री राम शंकर मिश्रा आनंद पांडे संभागी महासचिव सचिन द्विवेदी जी प्रभाकर तिवारी पत्रकार जिला मीडिया प्रभारी ऋषिकेश त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार सुधाकर त्रिपाठी पत्रकार विनय सोनी अन्य हजारों की तादाद पर प्रमुख लोग श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।

आरडी कालेज में वैक्सिनेशन के लिए छात्रों को किया जागरूक

मंडला । कोरोना -19 महामारी से बचाव हेतु वैक्सिनेशन अनिवार्य है। इस टीका के बिना जीवन फीका है। विद्यार्थी सुनिश्चित करें कि वे स्वयं कोत उनके घर परिवार आस-प ?ास टोला मजरा गांव व परिचित मित्रों को शतप्रतिशत वैक्सिनेशन हो चुका है। यह बात प्राचार्य डॉ सीमा धुर्वे ने जिलास्तरीय द्वितीय डोज वैक्सिनेशन महाअभियान के अंतर्गत रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में विद्यार्थियों से कही। डॉ एसके श्रीवास्तव ने छात्रों से कहा कि हमें ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करना है जिन्होने कोवैक्सीन का प्रथम टीका लगाकर 28 दिन पूर्ण कर लिया है तथा कोविशील्ड के प्रथम डोज के पश्चात 84 दिन पूर्ण कर लिए हैं।उन्हें प्रेरित करें कि वे जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित वैक्सिनेशन महाअभियान तिथि 22 और 23 अक्टूबर को अपने नजदीकि टीकाकरण केन्द्रों में जाकर सेकेंड डोज का वैक्सिनेशन कराए। प्राचार्य डॉ राजेश चौरसिया के मार्गदर्शन में गठित समिति द्वारा प्रत्येक कक्षा में जाकर छात्रों को विशेष रूप से एनएसएस/एनसीसी के स्वयंसेवक विद्यार्थियों को निर्देश दिया जा रहा है कि वे अपने गांव में घर-घर जाकर पता लगाए कि कोरोना वैक्सिनेशन से कोई छूटा तो नहीं है। यदि कोई ऐसे व्यक्ति मिले तो उन्हें नजदीक के टीकाकरण केन्द्र तक पहुॅचाकर शतप्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्?य को साकार करने में सहभागी बनें। प्रो.अनुपमा कुजूर ने छात्रों को वैक्सिनेशन के महत्व को बताते हुए कहा कि कोरोना महामारी से बचने का एकमात्र उपाय टीकाकरण ही है। इसके लिए निर्धारित अंतराल में दोनो डोज अनिवार्य है।इस अवसर पर डॉ.वीके चौरसिया, डॉ.एसएस ज्योतिषी, डॉ.नवीन तेकाम, डॉ.पीएल झारिया ने भी विद्यार्थियों को इस राष्टयज्ञरूपी महाअभियान में सहयोग करने का आव्हान किया। इस महाअभियान में शतप्रतिशत टीकाकरण के लिए सर्वाधिक व्यक्तियों को प्रेरित करने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। न से कोई छूटा तो नहीं है। यदि कोई ऐसे व्यक्ति मिले तो उन्हें नजदीक के टीकाकरण केन्द्र तक पहुॅचाकर शतप्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्?य को साकार करने में सहभागी बनें। प्रो.अनुपमा कुजूर ने छात्रों को वैक्सिनेशन के महत्व को बताते हुए कहा कि कोरोना महामारी से बचने का एकमात्र उपाय टीकाकरण ही है।

कब्जाधारियों के हौसले बुलंद

मंडला। राजस्व मंडल बबलिया के अंतर्गत देवरी कला बबलिया में सार्वजनिक आम रास्ता के किनारे या फिर सार्वजनिक शासकीय भवनों के आरक्षित परिसर के अंतर्गत अतिक्रमण करने वालों की संख्या आए दिन ब6 रही है। ग्राम के सभी वरिष्ठजनों ने मांग किया है कि संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी जो संस्थाओं में पदस्थ है उनके द्वारा अतिक्रमण हटाने की अपील नही की जा रही है जिससे आए दिन देवरी कला बबलिया के शासकीय भवनों के आस पास अतिक्रमणकर्ताओं की संख्या दिनों दिन ब? रही है।शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बबलिया, कन्या हाईस्कूल बबलिया, पशु औषधालय बबलिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बबलिया, आम रास्ता के किनारे अतिक्रमण करके भवन निर्माण कर रहे है। जिससे शासकीय भवनों की जमीन चारों तरफ से अतिक्रमण की चपेट में आ रही है। भवनों के लिए जगह कम हो रही है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेने पर उन्होंने ने बताया कि हमने संबंधित तहसीलदार एसडीएम निवास संबंधित विभाग को पत्र लिख चुके हैं। किंतु अतिक्रमण हटाने में कोई रूचि नही दिखा रहा है। जिससे अतिक्रमणकर्ताओं के द्वारा कहा जाता है कि बुलाओं तहसीलदार एसडीएम को हम अपना अतिक्रमण नही हटाऐंगे। इस तरह आम रास्तों को जहां पर नालियों के लिए जगह नहीं बची है। किनारे से दीवाल खड़े कर चुके है अपने स्वयं घरों का निस्तारी गंदा पानी मल मूत्र वगैरे स?क में बहाया जा रहा है। जिसको ग्राम के वरिष्ठ जन एवं ग्राम पंचायत द्वारा अनेक बार रोक लगाने पर भी ग्राम के कुछ रोड किनारे गंदा पानी मल मूत्र बहाने वाले पानी का निकासी नही कर सके। जिससे आम आदमी एवं स्कूल के छात्र छात्राओं को आने जाने में वह गंदा पानी से चल कर आते हैं। यहां तक की मोटर साईकिल में आने जाने वाले ग्रामीण जनों को वह गंदा पानी छिटकर चेहरे पर आता है, कपड़े गंदे हो जाते है।

ग्राम पंचायत चिखली के प्रधान को किया गया पद से पृथक

सिवनी (नव प्रदेश)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केवलारी के अनुसार ग्राम पंचायत चिखली के प्रधान एवं सचिव द्वारा ग्राम पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों से कराये गये कार्यो की शिकायतों पर जांच दल गठित समिति द्वारा जांच कराई गई जिसमें खैमसिंह ठाकुर, प्रधान ग्राम पचांयत चिखली से राशि रूपये 43875/-तथा सचिव पप्पूगिरी गोस्वामी तत्कालीन सचिव से राशि रूपये 93875/- वसूली योग्य पाई गई । साथ ही सरपंच की हठधर्मिता एवं स्वैच्छाचारिता के चलते वित्तीय प्रमाणकों की स्वीकृति ग्राम पंचायत की बैठक में नहीं लिया गया तथा भण्डार क्रय नियमों की भी अवहेलना की गई एवं अभिलेखों का भी विधिवत संधारण नहीं किया गया जिसके कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केवलारी द्वारा ग्राम प्रधान/सचिव से राशि वसूली के साथ -साथ पद से पृथक करने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई ।प्रस्तावित कार्यवाही पर पार्थ जैसवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी जिला पंचायत सिवनी म.प्र. पंचायत राज एंव ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 एवं 92 के प्रावधानों एवं शासन के निर्देशों एवं प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वसूली की बकाया राशि भू-राजस्व के माध्यम से वसूल करने के आदेश पारित करते हुए पप्पूगिरी गोस्वामी को निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित की गई साथ ही ग्राम प्रधान चिखली को पद से पृथ्क करने की अनुशंसा की गई । कलेक्टर सिवनी द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर खैमसिंह ठाकुर, प्रधान प्रशासकीय समिति ग्राम चिखली को पद से पृथक किया गया ।

वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम में आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवप्रदेश, शहपुरा डिण्डौरी। आदिवासी विकास विभाग डिंडौरी के द्वारा शहपुरा विकासखंड मुख्यालय के वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को यहां जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान शहपुरा व जमगांव की टीम के द्वारा मैच खेला गया। आपको बता दें कि स्कूली बच्चों में खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आदिवासी विकास विभाग डिण्डौरी के द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस दौरान शहपुरा विकासखंड सहित जिलेभर की टीमें इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहीं है। शनिवार को यहां क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच देखने के लिए शहपुरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों से स्कूली छात्र और नागरिक वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम पहुंचे। क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान शाहपुरा के खेल प्रशिक्षक कैलाश रजक, आजाद खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ठौतिया माल व रैयत में ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा छात्र छात्राओं को पोषण आहार व किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव की दी जानकारी

नवप्रदेश, मेहंदवानी/ शहपुरा ।मेहंदवानी विकासखंड के कठौतिया माल व रैयत में आज शनिवार को ग्राम भारती महिला मंडल संस्था के द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पोषण आहार (तिरंगा आहार) के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई वहीं उनके द्वारा छात्र छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव के बारे में जानकारी देते हुए चर्चा की गई इस दौरान स्कूल के हेड मास्टर देव कुमार सोनवानी, शिक्षिका जानकी बैरागी, प्रधानाध्यापक मालवा तेकाम सहित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर चंद्रदत्त द्विवेदी, अर्चना मानिकपुरी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जिले में अब तक 826.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

सिवनी (नव प्रदेश)। कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 जून से 22 अक्टूबर 21 तक जिले के कुल 8 विकासखंडों में 826.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिसमें विकासखण्ड सिवनी में 1121.5 मि.मी., कुरई में 875 मि.मी., बरघाट में 981 मि.मी., केवलारी में 853 मि.मी., छपारा में 642.8 मि.मी., लखनादौन में 708.1 मि.मी., धनौरा में 730.8 मि.मी., घंसौर में 700.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार इस वर्ष कुल 6612.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई जो कि विगत वर्ष इस दौरान दर्ज की गई 10091.4 मिमी वर्षा से 3479.2 मिमी कम है।

सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिवनी (नव प्रदेश)। सड़क हादसों को रोकने के लिए नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर वैभव सम्रद्धि एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी भोपाल के हरेंद्र धाकड़ व उनकी टीम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम करती नजर आई। जिन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों छिन्दवाड़ा चौक, स्थानीय बसस्टैंड, गांधी चौक, शनि मंदिर सहित अन्य स्थानों में सुरक्षित जीवन रक्षा हेतु सड़क परिवहन एवं हाइवे मंत्रालय सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत अपने अभिनव के माध्यम से महाकौशल संस्कारधानी के कलाकारों के प्रमुख कलाकारों द्वारा दोपहिया वाहनों के चालकों को हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहनों के चालको को सीट बेल्ट लगाकर, मोबाइल में बाते ना करने ,कम उम्र के बच्चों को बगैर लायसेंस व नशा जैसी वस्तुओं के सेवन कर वाहन ना चलाने जैसे अन्य बातों की समझाइश देते नजर आए। जिसमे सिवनी के पुलिस प्रशासन ट्राफ़िक विभाग का भी सहयोग रहा। सुरक्षा के टिप्स व्यावसायिक वाहन बस, ट्रक, ऑटो व ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों आम जन को दिए गए। कोहरा तो कभी धुंध की भी जानकारी का अपने अभिनव में समावेश रहा चलते राहगीरों ने बड़े ही आनंद लेते हुए नियमों को समझा।

मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज 2021 राष्ट्रीय स्तर का आयोजन 24 अक्टूबर को

नवप्रदेश, शहपुरा / डिण्डौरी। मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश राज्य ऑनलाइन जैव विविधता क्विज 2021 का आयोजन 24 अक्टूबर रविवार को प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।जैव-विविधता धरोहर,जैव-विविधता संरक्षण,प्राकृतिक संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण आदि विषयों के प्रति जन,जन को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जैव विविधता क्विज का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है। जिला क्वि? मास्टर डिंडौरी शशिभूषण बघेल व अश्विनी कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता 24 अक्टूबर को पूरे दिन ऑनलाइन आयोजित होगी। प्रतिभागी सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक के मध्य किसी भी समय ऑनलाइन पंजीयनपर कर

ओपन क्विज में कोई भी भाग ले सकते हैं किसी भी कक्षा के छात्र शिक्षक एवं जनसामान्य

प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। पंजीयन प्रतिक्रिया प्रतियोगिता प्रारंभ होने के पहले की जाएगी एवं रजिस्ट्रेशन के बाद प्रतियोगिता आरंभ हो जाएगी। क्विज में 30 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिसमें से एक सही उत्तर का चयन प्रतिभागी द्वारा किया जाएगा। क्विज का समय कुल 10 मिनट का होगा यानि 30 प्रश्न 30 अंक और समय 600 सेकेण्ड का रहेगा।

देशभर में होगा विजेताओं का चयन

विजेताओं का चयन अधिकतम सही उत्तर के आधार पर कंप्यूटर द्वारा जनरेट किया जाएगा प्रतियोगिता में देश भर से टॉप 100 विजेताओं को मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा एवं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता का ई- सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।डिंडौरी जिले के आदिवासी विकास विभाग सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र मिश्रा, एसडीओ फॉरेस्ट बसंत पिछोड़े एवं जिला क्विज मास्टर शशिभूषण बघेल व अश्विनी कुमार साहू ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों,शिक्षकों एवं जनसामान्य से प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की अपील की है।

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने की तिथि निर्धारित

सिवनी (नव प्रदेश)। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य ने बताया कि छिन्दवाड़ा विश्वविद्यालय द्वारा जारी ओपन बुक पद्धति से आयोजित होने वाली पूरक एवं व्दितीय अवसर परीक्षा के लिये परीक्षा की समय सारणी में उत्तर पुस्तिकाएं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने जमा करने की तिथि 23 व 25 अक्टूबर 2021 निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी संबंधित बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., बी.बी.ए. के प्रथम एवं व्दितीय वर्ष के नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को 23 एवं 25 अक्टूबर तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपनी उत्तर पुस्तिकायें समय सारणी के अनुसार जमा करने के निर्देश दिये हैं।

कंचनपुर गांव में पालतू पशुओं को लगा कोदो का मतौना, कोदो की फसल खाकर बेहोश हुए जानवर

पशु चिकित्सा विभाग ने दिखाई तत्परता, जानवरों का किया उपचार

नवप्रदेश, शहपुरा डिण्डौरी। शहपुरा विकासखंड के कंचनपुर गांव में गाय,बैल सहित पालतू पशुओं को को कोदो का मतौना लग गया। जानकारी के मुताबिक कंचनपुर-बांकी के हार में पशु चरने के लिए गए थे। तभी वहां पर किसी किसान के खेत में लगे कोदो की फसल को जानवर खा गए। जिससे पालतू पशुओं को कोदो की फसल खाने के कुछ घंटों बाद मतौना लग गया और वे बेहोश हो गए तो वहीं कुछ जानवर तड़पने लगे। कंचनपुर निवासी ग्रामीण राधेश्याम साहू व चन्द्रकांत साहू ने शनिवार को नवप्रदेश संवाददाता भीमशंकर साहू को जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार देर शाम जब उनके जानवर घर लौटे तब वे अचानक तड़पने लगे। तब ग्रामीणों के द्वारा जानवरों को मट्ठा पिलाया गया और कुछ देशी उपचार किया, लेकिन वे ठीक नहीं हुए। वहीं शनिवार की सुबह गांव में लगभग 50 से ज्यादा जानवर को कोदो का मतौना लगने से बेहोश पड़े हुए थे। इसकी जानकारी उनके द्वारा पशु चिकित्सा विभाग को दी गई । वहीं करौंदी के शारदा मां गौ सेवा समिति के संस्थापक व अध्यक्ष टेकेश्वर साहू ने डिंडौरी के उप संचालक, पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को इसकी जानकारी दी तब उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग शहपुरा को निर्देशित कर एक टीम बनाकर कंचनपुर गांव भेजा । पशु चिकित्सा विभाग की टीम में शहपुरा से पशु चिकित्सक डॉ एनएस कुलस्ते, एवीएफओ इंदर सिंह मरावी, गौसेवक शिवनंदन दुबे व हरीश साहू ने तत्परता दिखाते हुए मतौना लगे हुए पशुओं का इंजेक्शन लगाया गया व टेबलेट खिलाकर उनका उपचार किया। तब कहीं जाकर पशुओं को कुछ आराम मिला।

गुणवत्ता को ताक पर रख कर की जा रही औपचारिकता, जिम्मेदार मौन

उत्कृष्ट विद्यालय अमरपुर के मरम्मत कार्य में भारी लापरवाही, जर्जर हो चुकी व्यवस्थाएं

डिंडौरी अमरपुर

अमरपुर जनपद पंचायत मुख्यालय में संचालित रानी अवंती बाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भवन के निर्माण कार्य में ही भारी अनियमित्ताएं बरती गई जिसके चलते भवन की छत से पानी रिसाव एवं दीवारों से जगह- जगह दरारें होने के बाद पुनः अब जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया गया है। चल रहा मरम्मत का कार्य भी मनमाने ढंग से चल रहा है, मरम्मत कार्य कर रही निर्माण एजेंसी को ही मरम्मत कार्य की लागत की जानकारी तक नहीं हैं। जहां मरम्मत कार्य में मिट्टी युक्त रेत लगाई जा रही हैं। जिससे दरार भरने के बाद किए गए प्लास्टर में अभी से ही दरार पड़ना शुरू हो गया हैं। कार्य करा रहे ठेकेदार से पूछे जाने पर कुछ भी जानकारी होने से इंकार किया गया। वहीं पर इस संबंध में उपयंत्री मुकुल पटेल का कहना हैं कि मुझे कार्य प्रारंभ होने की जानकारी ही नहीं है। प्राक्कलन बनाने के निर्देश पर 4.55 लाख का प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत किया था। उन्होंने कार्य स्थल पर पहुंचकर देखने की बात जरूर कही गई। मरम्मत होने के साथ ही जब अभी से ही मरम्मत कार्य गुणवत्ताहीन हैं तो भविष्य का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। जिसका खामियाजा क्षेत्र के छात्रों को भुगतना पड़ेगा पूर्व में भी बारिश में पानी के रिसाव की वजह से कक्षाएं नहीं लग पा रही थी। इस मरम्मत कार्य को देखते हुए शायद भविष्य में भी वही स्थिति बनी रहेगी। जिससे ठेकेदार एवं अधिकारियों को जो लाभ मिलना हैं वह उन्हें मिल जाएगा। परंतु ऐसे गुणवत्ताहीन मरम्मत कार्य से छात्रों को नुकसान उठाना पड़ेगा। जिसकी चिंता शासन प्रशासन को नहीं बल्कि क्षेत्र के अभिभावकों को हैं, उनकी चिंता बच्चों के भविष्य को देखते हुए लाजमी भी हैं। ऐसे भी पूरे क्षेत्र में निर्माण किए गए शाला भवनों में अधिकांश की स्थिति छत से पानी रिसाव की बनी रहती हैं। बारिश के दिनों में शाला भवन के अंदर पन्नी लगाकर कक्षाएं संचालित की जाती है। इस संबंध में जानकारी लेने पर बी ई ओ तथा प्राचार्य व्ही के चिचाम ने बताया कि वे इस वक्त बाहर है। वापस आने पर स्थिति का निरीक्षण कर गुणवत्ता में सुधार कराया जाएगा।

बी ई ओ और प्राचार्य की शाला में चल रहा घटिया मरम्मत का कार्य, जर्जर हो चुकी व्यवस्था का नमूना

उल्लेखनीय है की अमरपुर के जिस विद्यालय में मरम्मत कार्य घटिया होने की जानकारी मिल रही है उस विद्यालय के प्राचार्य और अमरपुर विकासखंड के प्रभारी शिक्षा अधिकारी दोनों पदो पर वी. के. चीचाम पदस्थ है, और उनकी नाक के नीचे विकासखंड मुख्यालय में मरम्मत के कार्य पर ही सवाल खड़े हो रहे है। जिस पर वे बाहर होने की बात कह रहे। एक जिम्मेदार अधिकारी की नाक के नीचे हो रहे घटिया कार्य से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि ग्रामीण अंचल के स्कूलों की स्थिति कितनी जर्जर होगी। चर्चा यह है कि मरम्मत कार्यों के नाम पर बड़ा गोलमाल वर्षों से अधिकारियों के संरक्षण में जारी है जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारी आंखे बन्द करे बैठे रहते है। इस सम्बन्ध में बी ई ओ से विभाग का पक्ष जानने उनके दोनों मोबाइल नंबरों से संपर्क करने का बार बार प्रयास किया, किन्तु उनके मोबाइल बन्द है। महत्वपूर्ण शिक्षा विभाग के जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारियों का मोबाइल बन्द रहना विभाग के कितने जरूरी कार्यों को ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है जाहिर है। विकासखंड स्तर पर वर्षों से डटे ऐसे लापरवाह अधिकारियों के चलते शिक्षा विभाग की व्यवस्था ही जर्जर होती नजर आती है, जिनकी मरम्मत जिला प्रशासन को तत्काल करना होगी। शिक्षा विभाग में लापरवाही और मरम्मत के नाम पर राशि के गोलमाल को लेकर कई मामले प्रकाश में आने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से शाला भवनों की हालत खस्ता है। ग्रामीण अंचल में कई स्कूलों के भवन तो बेहद खराब स्थिति में है। इस ओर वरिष्ठ अधिकारियों और जिला प्रशासन को विशेष रूप से कार्यवाही की जनापेक्षा है।

न्यूज अपडेट

अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के जिला अध्यक्ष बने वीरेंद्र

शहडोल नवप्रदेश अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हृदय नारायण मिश्रा ने प्रदेश प्रभारी मुनीलाल शर्मा की अनुशंसा पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद शहडोल जिला इकाई के जिलाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र सिंह का मनोनयन किया हैद्य उक्त पद का कार्यकाल 2 वर्ष तक रहेगाद्य वीरेंद्र के मनोनयन पर इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है

पुलिसअधीक्षक संजय सिंह ने की बेटियो को मजबूत करने की पहल

डिण्डोरी नवप्रदेश – बेटियो ने जाना की अपराध से कैसे बचे एव अपनी सुरक्षा कैसे करे, साथ ही ली कराटे की ट्रेनिंग पुलिस अधीक्षक संजय सिंह के मार्ग दर्शन एव निर्देशन पर को चन्द्र विजय महाविद्यालय डिंडोरी प्रबंधक (प्राचार्य)डाक्टर एस के बर्मन एव खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे आज चन्द्र विजय महाविद्यालय में 100 बालिकाओं के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में महिला थाना डिंडोरी से प्रधान आरक्षक वीना पटेल, जिला खेल प्रशिक्षक आरती सोधिया ने बेटियो के साथ बढते अपराध को रोकने के उददेश्य से बेटियां हर पल कैसे मजबूत रहे एवं अपराध होने से कैसे बचे उक्त बातों की समझाईश दी गई साथ ही यह भी बताया गया कि किसी के बहलाने फुसलावे पर मत आये ,बाहर का कोई अनजान व्यक्तिगत आपके मोहल्ले कालोनी मे आकर रहता है तो उसकी जानकारी पुलिस को तत्काल देने एव अपराध होने की शंका हो तो हेल्प लाइन नम्बर का उपयोग करे । आपके साथ अगर गलत हो रहा है तो उसे छिपाये न अपने परिजन को आवश्यक बताये ,किसी अपरिचित पर भरोसा न करेने की जानकारी दी गई ।एव अपनी सुरक्षा एव बचाव कैसे करे एव खेल से जुड़ेने की जानकारी देकर बालिकाओं को जागरूक किया गया एव खेल और युवा कल्याण विभाग अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया द्वारा बच्चो को खेल से जुड़ेने के साथ भर्ती की तैयारी के लिये प्रेरित किया गया ।

स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

बुढार नवप्रदेश

विजयादशमी के उपलक्ष में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ बुढार खंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया जोकि जनपद शिक्षा केंद्र से बैंड बाजे के साथ निकाली गई और आदर्श कॉलोनी मुरलिया बाग सिंधी बाजार लोहिया चौक कोतमा रोड होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची जहां जिला कार्यवाह अनूप मिश्रा द्वारा बौद्धिक के बाद समाप्त हुईद्य मिश्र ने अपने बौद्धिक व्याख्यान में कहा कि हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए स्वयंसेवकों से आवाहन कियाद्य उक्त कार्यक्रम में विभाग बौद्धिक प्रमुख राजेश त्रिपाठी सह जिला कार्यवाह नितिन जैन जिला सचिव रवि रजक मनीष द्विवेदी मनोज महोबिया चिराग तिवारी लक्ष्मी नारायण उपाध्याय सहित खंडके समस्त स्वयंसेवक एवं विविध संगठन के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इंदिरा नगर साइडिंग से कोयले से भरी बड़े वाहनों की वजह से दुर्घटना की आशंका

अमलाई नवपद्रेश

अमलाई कोयले से भरी गाड़ियां सुबह से लेकर देर शाम तक इंदिरा नगर की सड़कों पर दौड़ती है और इसी के साथ पूरे दिन कोयले का डस्ट उड़ता है इस कारण से लोग किस हद तक परेशान होते हैं यह देख कर ही अंदाजा लगाया जा सकता हैद्य इंदिरा नगर में यह समस्या कई सालों पुरानी है समस्या भर्ती चली गई पर इसके समाधान के प्रयास को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गयाद्य दिखावे के लिए समस्या के समाधान के नाम पर पानी का छिड़काव कुछ दिनों के लिए शुरू कर दिया जाता है और फिर बाद में बंद हो जाता हैद्य प्रदूषण विभाग के अधिकारियों की अकर्मण्यता से साइडिंग का संचालन कर रहे लोगों के हौसले बुलंद हैं और प्रदूषण का खामियाजा मोहल्ले वासियों को भोगना पड़ रहा है इंदिरा नगर में कोई दस्त की समस्या शब्द अधिक देखने को मिलती है क्योंकि प्रतिदिन बड़े-बड़े कोयले से भरे वाहन इस मार्ग पर दौड़ते हैं जिनमें से कोयले के छोटे-छोटे टुकड़े सड़कों पर ही गिरते हैं जो बाद में कोल्डेस्ट का रूप ले लेती है जो कि आसपास के लोगों के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है जिस कारण से कई गंभीर बीमारियां भी इसी की वजह से बढ़ रही हैद्य पूर्व में मोहल्ले वासियों ने साइडिंग में हो रही प्रदूषण की समस्या को लेकर विरोध भी किया था लेकिन वर्तमान में अधिकारियों की शह पर पुनः कोयला व्यवसायियों के द्वारा कोयले से लदी गाड़ियों का परिवहन कराया जा रहा है।

पकरिया एवं जरवाही में पत्थरों का अवैध उत्खनन

बुढार नवप्रदेश

समीप के ग्राम पकरिया एवं जरवाही में पत्थरों का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है किंतु इस और ना ही खनिज विभाग का ध्यान जा रहा है और ना ही पुलिस प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जा रही है जिसके कारण अवैध खनन कर्ताओं के हौसले बुलंद हैंद्य मिली जानकारी के अनुसार अवैध रूप से खनन किए गए पत्थरों को रिलायंस के ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य में प्रयुक्त किया जा रहा है और आसपास के क्षेत्रों में स्थित क्रेशर में भी सप्लाई की जा रही हैद्य जरवाही एवं पकरिया क्षेत्र हमेशा ही अवैध कारोबारियों का गढ़ रहा है और पुलिस कर्मियों की शह पर ऐसे कारोबारियों द्वारा डंके की चोट पर अवैध कार्य को अंजाम दिया जाता रहा है।

बिजली विभाग की मनमानी बिना नोटिस काटा बिजली कनेक्शन

जल आपूर्ति प्रभावित ग्रामीण परेशान

डिंडोरी नवप्रदेश

विभाग की मनमानी और अफसरशाही के चलते मेहंदवानी विकासखंड के ग्राम पंचायत खरगवारा की नल जल योजना की विद्युत आपूर्ति अचानक बन्द कर दिए जाने से गांव में जल संकट गहरा गया है। पिछले दो दिन से ग्रामीणजन पानी के लिए भटक रहे है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों के द्वारा जूनियर इंजीनियर के आदेश पर 20 अक्टूबर बिजली कनेक्शन काट दिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिससे गांव में पानी को लेकर समस्या खड़ी हो गई है। कोई नाले से पानी ला रहा है, कोई नदी से पानी ला रहा है कोई तालाब से ला रहा है इस तरह से त्योहार पूर्व गांववासियों के सामने विकट जल संकट खड़ा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेहदवानी में पदस्थ नए जे.ई से बात करने पर वह 1,22,000 रुपए की मांग ग्राम पंचायत सचिव से कर रहे है। जबकि हर माह बिजली बिल भुगतान पंचायत द्वारा कर दिया जाता रहा है। गत माह का जो बिजली बिल ग्राम पंचायत मेंआया है। उसमें भी पंचायत के द्वारा ज्यादा राशि विद्युत विभाग को भुगतान किया गया दर्शाया गया है, और भुगतान योग्य राशि ? - 14307 है। तब भी विद्युत विभाग के द्वारा जनहित की अनदेखी करते हुए नल जल योजना का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। विभाग के मैदानी अमले की लापरवाही और मनमानी के चलते ग्रामवासी जल संकट का सामना कर रहे है। बताया जाता है कि मीटर रीडिंग किए बिना ही बिल जारी कर दिया जाता है और खुली मनमानी विद्युत मण्डल की चल रही है।

अफसरशाही के चलते खड़ा हुआ संकट

ग्राम सचिव ने जानकारी में बताया कि लगभग चार वर्षो से ग्राम में नल जल योजना संचालित है और विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क मासिक रूप से 3679 रू. पंचायत जमा करती रही है। विभाग के द्वारा जारी बिल के अनुसार अक्टूबर माह का बिजली बिल माइनस 14 हजार रूपए के लगभग है। तब भी विद्युत मण्डल ने अचानक बिना किसी पूर्व नोटिस, सूचना अथवा वसूली की जानकारी प्रदान किए सार्वजानिक नल जल योजना की बिजली काट दी और अब पूर्व शेष 1,22,000 रुपए जमा करने की बात जे. ई. द्वारा की जा रही है। अचानक से इतनी बड़ी राशि का भुगतान पंचायत के लिए कठिनाई का सबब बन गया है। वहीं ग्रामवासी त्यौहार के समय पानी के लिए भटकने मजबूर है। बताया जाता है कि मेहंदवानी में नए आए जे. ई. के द्वारा यह कार्यवाही की गई है। जबकि पूर्व में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पंचायत द्वारा बिजली बिल का पहले ही अधिक भुगतान किया जा चुका है जिसकी पुष्टि विद्युत मण्डल का अधिकृत रूप से वितरित किया गया बिजली बिल करता है। किन्तु नए साहब का नया आंकलन ग्रामीणों के लिए संकट बन गया है। सवाल यह है कि पूर्व में मण्डल की व्यवस्था, नियम और बिल का निर्धारण आखिर अचानक नए साहब के आने से कैसे बदल गया? दूसरा यदि पंचायत पर उनके हिसाब से बकाया निकल भी रहा है तो मण्डल की चूक से, जिसके निपटारे के लिए ग्राम पंचायत को नोटिस देकर कुछ समय दिया जाना था। चुकी इस कार्यवाही से जनहित प्रभावित हो रहा है अतः विद्युत विभाग के नए आला अफसर को गंभीरता पूर्वक निर्णय लेना था। पूर्व में बिजली भुगतान के आंकलन में मण्डल की चूक का खमियाजा ग्राम पंचायत और आमजनता क्यों भुगते यह बड़ा सवाल है। जिन अधिकारियों की कार्यप्रणाली से जनहित प्रभावित हो उनके विरूद्ध विद्युत मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों से कड़ी कार्यवाही अपेक्षित है।

इंदिरा नगर तिराहे से ओपियम स्टेट बैंक मार्ग जर्जर

शहडोल नवप्रदेश

ओरियंट पेपर मिल्स स्टेट बैंक चौराहे से वाया सोडा फैक्ट्री इंदिरा नगर पहुंच मार्ग कई वर्षो से जर्जर अवस्था में है किंतु सड़क की जर्जर अवस्था को सुधारने के लिए नाही ओरिएंट पेपर मिल प्रबंधन कोई पहल कर रहा है और नाही एचजेएम सोडा फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की पहल की जा रही हैद्य मार्ग की हालत खराब होने के कारण अक्सर छुटपुट दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं और बरसात में तो लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता हैद्य स्टेट बैंक चौराहे से लेकर स100 मीटर तक सीसी सड़क का निर्माण कराया गया लेकिन आगे के मार्ग को जर्जर रहने के लिए छोड़ दिया गयाद्य आखिर ग्रामीण जनता के हित की अनदेखी फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा क्यों की जा रही है यह समझ से परे हैद्य ग्रामीणों का मानना है कि कम से कम सड़क सुविधा की ओर तो फैक्ट्री प्रबंधन को ध्यान देना ही चाहिए लेकिन वर्तमान एवं पूर्व प्रबंधन द्वारा जनता के हितों से हमेशा ही खिलवाड़ किया जा रहा है।

ग्राम सचिव ने कलेक्टर,SP, CEO से की लिखित शिकायत

फर्जी हस्ताक्षर कर सरपंच पुत्र ने कर दिया लाखों का सरकारी भुगतान

डिंडोरी नवप्रदेश

पंचायत व्यवस्था में भ्रष्टाचार किस तरह हावी है, इसकी बानगी बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंगपुर में सीधे तौर पर देखी जा सकती है। जहां सरपंच के पुत्र ने कूटरचित तरीके से फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी राशि का भुगतान कर दिया है। इतना ही नहीं शातिर सरपंच पुत्र ने हेराफेरी को छुपाने की कोशिश के तहत राजनैतिक दबाव भी बनाया। लेकिन आर्थिक गड़बड़ी की भनक लगते ही बिना किसी दबाव में आए सचिव घनश्याम ने पूरे मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और स्ष्ठरूसे करते हुए कार्यवाही की मांग की है। आरोपों के मुताबिक सरपंच पुत्र ने कूटरचित तरीके से नरेगा कार्यों में ?426534 का गड़बड़झाला किया है। सचिव घनश्याम परस्ते द्वारा की गई शिकायत के मुताबिक सरपंच ग्राम पंचायत, फूलवती बाई मरावी के पुत्र शिवपाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2017 के तहत तुर्री टोला में स्वीकृत पाईप पुलिया निर्माण कार्य में बिल क्रमांक 164 दिनांक 26 अक्टूबर 2018 को ?124000, बिल क्रमांक 3, दिनांक 28 दिसंबर 2018 को ?128510 का भुगतान कूट रचित हस्ताक्षर द्वारा संबंधित मटेरियल सप्लायर को किया है। इसके अलावा सरपंच पुत्र शिवपाल ने बिजाखन नदी (बड़े टोला) में वित्तीय वर्ष 2017 के तहत स्टॉप डेम निर्माण कार्य में सामग्री बिल क्रमांक 30 दिनांक 20 जनवरी 2017 में भी सचिव के फर्जी हस्ताक्षर कर ?198000 का पेमेंट जारी कर दिया। सचिव के मुताबिक अन्य पंचायती दस्तावेजी और देयकों में भी सरपंच पुत्र शिवपाल ने फर्जी हस्ताक्षर कर अनिमित्ताओ को अंजाम दिया है। सरपंच पुत्र की करतूतों से परेशान सचिव घनश्याम द्वारा इस बाबत विरोध करने पर शिवपाल अपने राजनैतिक रसूख का दवाब देता है। वही शासकीय कार्य को संपादित कर रहे सचिव के साथ गुंडागर्दी और झगड़ा करता है, जो शासकीय कार्य में बाधा साबित हो रहा है। इस बाबत भी पीड़ित सचिव घनश्याम ने बजाग थाना में शिकायत की है।

कब होगी कार्रवाई

बड़े पैमाने पर पंचायतों में जारी आर्थिक अनिमित्ताओं पर अभी तक कोई भी ठोस कार्रवाई नज़र नही आई है। बैठकों में कलेक्टर सार्वजनिक तौर पर सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी और सरकारी राशि के हेरफेर के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश देते हैं, लेकिन मैदानी स्तर पर छ्रूके निर्देशो की अवहेलना की जाती है। जिसका नतीजा है कि भ्रष्टाचार पर लगाम नही लग पा रही है।

संपादकीय

त्यौहारों पर महंगाई की मार

इस बार दीपावली पर्व के पूर्व ही महंगाई ने पर्व का रंग फीका कर दिया है। दो साल से कोरोना के चलते लोगों की आमदनी वैसे ही कम हो गई है ऊपर से महंगाई नित नई ऊचाईयां छू रही है। पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के दामों में लगातार इजाफा हो रहा है जिसका सीधा असर आम आदमी के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। ट्रांस्पोर्टिंग महंगी हो जाने के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे है जिसकी वजह से महंगाई की मार से आहत आम आदमी त्यौहार कैसे मनाएं यह यक्ष प्रश्न उसके सामने मुंह बाएं खड़ा हो गया है। अनाज और किराना के साथ ही लगभग सभी वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ गए है। यहां तक कि हरी सब्जियां भी आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है। जिसकी वजह से लोगों के भोजन की थाली से हरी सब्जियां गायब हो रही है, यहां तक कि टमाटर और हरी धनियां की चटनी भी मुश्किल से नसीब हो रही है। कमर तोड़ महंगाई के खिलाफ विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। कांग्रेस पार्टी सहित अन्य विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर आंदोलन प्रदर्शन कर रहे है लेकिन सरकार महंगाई पर काबू पाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा रही है। जब तक पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों पर लगाम नहीं लगेगी तब तक महंगाई पर अंकुश लग पाना असंभव है। उम्मीद की जानी चाहिए कि त्यौहारों पर पड़ती महंगाई की मार को मद्देनजर रख कर सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए जल्द से जल्द कड़े कदम उठाएगी।

टमाटर की महंगाई से देश की आम जनता परेशान है, अब प्याज की कीमतें भी रुलाने की तैयारी कर रही हैं. पिछले एक महीने में थोक बाजार में प्याज कीमतें दोगुनी हो गई हैं. व्यापारियों का कहना है कि इस बार त्योहारी सीजन में प्याज महंगी ही रहेगी और मध्य जनवरी से पहले राहत की उम्मीद नहीं है। देश के प्याज उत्पादक कई इलाकों में भारी बारिश की वजह से प्याज की गर्मियों की फसल को भारी नुकसान हुआ है और जाड़े के फसल की बुवाई में देरी हुई है. गौरतलब है कि इसके पहले टमाटर की कीमतों के काफी बढ़ने की खबर आई थी. कोलकाता में तो खुदरा बाजार में टमाटर 93 रुपये किलो तक पहुंच गया है। गौरतलब है कि प्याज की कीमत राजनीतिक रूप से काफी संवदेनशील मसला रहा है. हर साल प्याज की कीमत कुछ महीने इसी वजह से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाती है और इस साल फिर से कीमतें ऊपर की ओर जा रही हैं. जानकारों का कहना है कि इस बार प्याज उत्पादक इलाकों में सितंबर महीने में जमकर बारिश हुई है. इसकी वजह से फसल को काफी नुकसान हुआ है और उसमें कई बीमारियां भी लगी हैं।

विचार

विदेश नीतिः हमारी दो नई पहल


डॉ. वेदप्रताप वैदिक

ढाई महिने से गिरती-लुढ़कती हमारी विदेश नीति अपने पावों पर खड़े होने की कोशिश कर रही है, यह बात मेरे लिए विशेष खुशी की है। मैं बराबर पहले दिन से ही लिख रहा था कि भारत सरकार को तालिबान से सीधे बात करनी चाहिए लेकिन नौकरशाहों के लिए कोई भी पहल करना इतना आसान नहीं होता, जितना कि किसी साहसी और अनुभवी नेता के लिए होता है। जो भी हो, इस समय दो सकारात्मक घटनाएं हुई हैं। पहली, मास्को में तालिबान के साथ हमारी सीधी बातचीत और दूसरी, अमेरिका, इस्राइल, यूएई तथा भारत के नए नए चौगुटे की शुरुआत! जहां तक मास्को-बैठक का सवाल है, उसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने साफ़-साफ़ कहा है कि तालिबान की सरकार और नीतियां सर्वसमावेशी होनी चाहिए। उनमें सारे कबीलों और लोगों को ही प्रतिनिधित्व नहीं मिलना चाहिए, बल्कि विभिन्न राजनीतिक शक्तियों का भी उसमें समावेश होना चाहिए याने हामिद करजई और अब्दुल्ला-जैसे नेताओं को भी शासन में भागीदारी मिलनी चाहिए अर्थात तालिबान सरकार में कुछ अनुभवी और जनता में लोकप्रिय तत्व भी होने चाहिए। इसके अलावा लावरोव ने इस बात पर भी जोर दिया कि अब अफगानिस्तान के पड़ौसी देशों में आतंकवाद का निर्यात कतई नहीं होना चाहिए। इस बैठक में चीन, पाकिस्तान और ईरान समेत 10 देश शामिल हुए थे। रूस ने वही बात इस बैठक में कही, जो भारत कहता रहा है। भारत के प्रतिनिधि जे.पी.सिंग ने, जिन्हें काबुल में कूटनीति का लंबा अनुभव है, मास्को आए तालिबान नेताओं से खुलकर बात भी की और अफगान जनता की मदद के लिए पहले की तरह 50 हजार टन अनाज और दवाइयाँ भेजने की भी घोषणा की। यदि अगले कुछ हफ्तों में तालिबान सरकार का बर्ताव ठीक-ठाक दिखा तो कोई आश्चर्य नहीं कि उसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलनी शुरु हो जाए। लेकिन गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने कल-परसों ही तालिबानी खीर में कुछ नीम की पत्तियां डाल दी हैं। उन्होंने ऐसे 'शहीदों' का सम्मान किया है और उनके परिजन को कुछ धनराशि भेंट की है, जिन्होंने पिछली सरकार के फौजियों और नेताओं पर जानलेवा हमले किए थे। ऐसी उत्तेजक कार्रवाई से उन्हें फिलहाल बचना चाहिए था। यदि भारत सरकार अपना दूतावास काबुल में फिर से खोल दे तो हमारे राजनयिक तालिबान को उचित सलाह दे सकते हैं। भारत ने अमेरिका के साथ मिलकर पश्चिम एशिया में जो चौगुटा बनाया है, वह अफगान-संकट के हल में तो मददगार होगा ही, इस्लामिक जगत से भी भारत के संबंध मजबूत बनाएगा लेकिन भारत को दो बातों का ध्यान जरुर रखना होगा। एक तो वह अमेरिका का चप्पू होने से बचता रहे और दूसरा, इस नए चौगुटे को ईरान के खिलाफ मोर्चाबंदी न करने दे।

कश्मीर से मजदूरों का पलायन खतरे की घंटी

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> राज्य में शांति बहाल करने के प्रयासों के तहत अलगाववादियों सहित सभी पक्षों से बातचीत के लिए 2010 में यूपीए सरकार में वार्ताकार रहीं प्रो राधा कुमार मानती हैं कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद और राज्य के बंटने के बाद इसी बात का डर सबसे ज्यादा सता रहा था। जिस तरह से केंद्र सरकार ने आर्टिकल 370 हटाने के बाद राज्य में विकास परियोजनाओं को शुरु किया है उससे आतंकी संगठनों में गुस्सा है। इन विकास परियोजनाओं में काम करने वाले बहुत से प्रवासी मजदूर और तकनीशियन हैं। इससे कुछ लोगों में असुरक्षा की भावना घर गई है, क्योंकि यह प्रवासी मजदूर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। शहरी और कृषि के कामों में हाड़तोड़ मेहनत और वह भी सस्ती मजदूरी पर ये प्रवासी मजदूर ही करते रहे हैं। वक्त, मेहनत और लगातार अनुभव ने उन्हें हुनरमंद भी बना दिया है। उनके विकल्प कहां से मिलेंगे?

कश्मीर में पांच अक्टूबर के बाद से पांच प्रवासियों की हत्या हो चुकी है। जिसमें बिहार के चार मजदूर-रेहड़ी वाले हैं और उत्तर प्रदेश के एक मुस्लिम कारपेंटर भी शामिल है। इससे पहले एक स्थानीय सिख और हिंदू शिक्षक की हत्या कर दी गई थी। मशहूर दवा कारोबारी कश्मीरी पंडित मक्खनलाल बिंद्रू को भी आतंकियों ने मार दिया था। लगातार हो रहे टारगेट किलिंग से वहां बाहरी लोगों और प्रवासी मजदूरों में डर का माहौल है। ऐसे में भारी संख्या में जम्मू-कश्मीर में काम कर रहे प्रवासी मजदूरों के राज्य से पलायन की खबरें आ रही हैं। हालांकि सामान्य तौर पर सैंकड़ों मजदूर सर्दियां शुरु होने और दीपावली के त्योहार पर अपने घर लौटते हैं लेकिन राज्य में हिंसा बढ़ जाने से वे पहले ही वहां से निकलने की कोशिश में है।

जम्मू-कश्मीर में चल रहे कई विकास परियोजनाओं में करीब 90 फीसदी प्रवासी मजदूर निर्माण कार्यों में लगे हुए हैं। सिर्फ कश्मीर घाटी में ही पांच लाख प्रवासी मजदूर हैं। अनुमान के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में बाहर से तीन-से चार लाख मजदूर हर साल काम के लिए घाटी जाते हैं। उनमें से अधिकांश सर्दियों की शुरुआत से पहले चले जाते हैं, जबकि कुछ साल भर वहीं रह जाते हैं। बताया जाता है कि लगभग राज्य के हर जिले में बिहार और यूपी से आए मजदूर हैं।

एक स्थानीय मीडिया के अनुसार सेब के मौसम के कारण भी राज्य बाहरी मजदूरों से अटा पड़ा है। लगभग 41,000 मजदूर, जिनमें से अधिकांश प्रवासी हैं, वे संगठित और असंगठित क्षेत्रों के लगभग 4,800 औद्योगिक इकाइयों में काम कर रहे हैं। लॉकडॉउन में लगभग 56 हजार मजदूर वहीं फंस गए थे लेकिन उस मुश्किल वक्त में भी स्थानीय लोगों ने उनकी मदद की थी। इसलिए कश्मीरी पंडितों, गैर-स्थानीय मजदूरों के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय करने की जरूरत है, क्योंकि यदि वे इस तरह घाटी छोड़ कर जाने लगे तो अनुच्छेद 370 खत्म करके सरकार ने जो सकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश की थी उसका संदेश अच्छा नहीं जाएगा।

घाटी में कुछ स्थानों को तो 'प्रवासियों का घर' कहा जाता है। जम्मू-कश्मीर का ज्यादातर श्रम इन्हीं मजदूरों के सहारे है। सेब के बागीचों, खेतों, कोल्ड स्टोरेज से लेकर निर्माण-कार्यों और फर्नीचर के उद्योग में वे ही श्रम की बुनियाद हैं। ईंट, सीमेंट ढोने से लेकर सेब की पेटियों की पैकिंग और लोडिंग प्रवासी मजदूर ही करते रहे हैं। वे कश्मीर ही नहीं, देश की मौजूदा और भावी अर्थव्यवस्था को आकार और आधार देने वाले हैं। उन्हें गोलियों से मत मारो! उन्हें तुम्हारे जेहाद से कोई सरोकार नहीं है!! वे किसी के भी दुश्मन नहीं हैं! उन्हें तो गले से लगाओ, नहीं तो पूरा कश्मीर थम जाएगा। अर्थव्यवस्था स्थिर और विकासहीन हो जाएगी। आर्थिक गतिविधियां ठिठक जाएंगी। यदि पलायन के बाद मजदूर लौट कर घाटी में नहीं आए, तो समूचे जम्मू-कश्मीर की आर्थिक हालत क्या होगी, कल्पना भी नहीं की जा सकती। मजदूर का काम मजदूर ही कर सकता है, कोई आतंकी, अलगाववादी, अमीर या उद्योगपति नहीं कर सकता। अंततः देश की अर्थव्यवस्था को लाखों-करोड़ों डॉलर का नुकसान झेलना पड़ेगा।

> मजदूरों के भी घर, रिश्तेदार, परिजन हैं, उनके भी पारिवारिक और आर्थिक दायित्व हैं, वे भी देश भर में कहीं भी काम करके जीवन जीने को स्वतंत्र हैं, उन्हें भी मौलिक, संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, फिर उन्हें कैसे कहा जा सकता है-तुम यहां से चले जाओ। चूंकि अब तालाबंदी के बाद अर्थव्यवस्था करवट ले रही है, आर्थिक और उत्पादन संबंधी गतिविधियां गति पकड़ रही हैं, तो मजदूर को मारने की बजाय उसका स्वागत करना चाहिए। वह ही मौजूदा अर्थव्यवस्था को आकार दे सकता है। उसके बिना उद्योगपति और पूंजीपति अधूरे हैं।

कोरोना-काल में लॉकडाउन की तालाबंदी के बाद बड़े उद्योग इन प्रवासी मजदूरों की कमी झेल चुके हैं। इन्हें हिंदू-मुसलमान के दायरे में रखकर मत मारो। कुछ भी हासिल नहीं होगा। कश्मीर पर जेहादियों का कब्जा नहीं होगा। पाकिस्तान तुम्हें बरगला रहा है। मुट्ठी भर पैसों की खातिर अर्थव्यवस्था को नीलाम मत करो। मजदूरों को बाद में ज्यादा भुगतान के लालच देने पड़ेंगे। लॉकडाउन के बाद व्यापारियों को यही करना पड़ा था। मजदूरों को अग्रिम तौर पर पैसा देना पड़ा। उन्हें विमान के टिकट भेजे गए। उसके बावजूद पूरा श्रम लौट कर नहीं आया। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश में 45.6 करोड़ प्रवासी मजदूर हैं।

तब की आबादी का 40 फीसदी से भी ज्यादा हिस्सा! अब 2021 में उनकी संख्या बढ़ चुकी होगी। संसद के पटल पर रखी जाने वाली 'आर्थिक सर्वेक्षण' की रपटों में भी अंतरराज्यीय प्रवासी मजदूरों के महत्त्व को आंका जाता रहा है। देश के 10 राज्यों-हरियाणा, झारखंड, मप्र, आंध्र, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और कर्नाटक आदि-में स्थानीय नागरिकों के, निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी, आरक्षण के प्रस्ताव पारित किए गए। कानून भी बने, लेकिन जब राष्ट्रीय लॉकडाउन उठाया गया, तो फैक्ट्रियों में मजदूर नहीं थे। सरकारों और कंपनियों ने उन्हें मनाकर वापस लाने की कोशिशें कीं। आधी-अधूरी कामयाबी ही हासिल हुई।

राज्य में शांति बहाल करने के प्रयासों के तहत अलगाववादियों सहित सभी पक्षों से बातचीत के लिए 2010 में यूपीए सरकार में वार्ताकार रहीं प्रो राधा कुमार मानती हैं कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद और राज्य के बंटने के बाद इसी बात का डर सबसे ज्यादा सता रहा था। जिस तरह से केंद्र सरकार ने आर्टिकल 370 हटाने के बाद राज्य में विकास परियोजनाओं को शुरु किया है उससे आतंकी संगठनों में गुस्सा है। इन विकास परियोजनाओं में काम करने वाले बहुत से प्रवासी मजदूर और तकनीशियन हैं। इससे कुछ लोगों में असुरक्षा की भावना घर गई है, क्योंकि यह प्रवासी मजदूर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। शहरी और कृषि के कामों में हाड़तोड़ मेहनत और वह भी सस्ती मजदूरी पर ये प्रवासी मजदूर ही करते रहे हैं। वक्त, मेहनत और लगातार अनुभव ने उन्हें हुनरमंद भी बना दिया है। उनके विकल्प कहां से मिलेंगे? रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, आतंकी सुरक्षाबलों से सामना नहीं कर सकते तो बेगुनाहों और निहत्थे लोगों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद से यह संदेश गया है कि अब सब कुछ केंद्र से सीधा कंट्रोल हो रहा है। ऐसे में मजदूरों और निहत्थे लोगों को निशान बनाकर वे देश के दूसरे हिस्से के लोगों को यहां आने से रोकने के लिए दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। आतंकी संगठन जानते हैं कि सभी मजदूरों और बाहरी लोगों को सुरक्षा मुहैया कराना आसान नहीं है।

पति की दीर्घायु की कामना का पर्व है करवा चौथ

रमेश सर्राफ

> इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लडके एवं एक गुणवती लडकी थी। एक बार लडकी मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया, उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन, चंद्रमा निकल आया है।

आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीर्घायु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है।

यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। इसीलिये सुहागिन स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करती है।

भारत एक धर्म प्रधान व आस्थावान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। कसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं

चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

शास्त्रों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें। करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर फिर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बेवजह का रुआब

बेवजह का रुआब लगता है। खूबसूरत नकाब लगता है। बात से बात निकल आती है, बात ही में सवाल लगता है। कैसे बतलायें बात की बातें, बात में ही जवाब लगता है। हम हैं चुप चाप कुछ न बोलेंगे, उनको सुनना खराब लगता है बहुत मायूसी उनकी बातों में बुझ रहा एक चिराग लगता है। - **चंद्रलता यादव**

अब समझ लेता हूँ

अब समझ लेता हूँ मीठे लफ्ज़ों की कड़वाहट, हो गया है ज़िन्दगी का तजुर्बा थोड़ा थोड़ा। मुझे ज़िन्दगी का इतना तजुर्बा तो नहीं है दोस्तों, पर लोग कहते हैं यहाँ सादगी से कटती नहीं। फुर्सत मिले जब भी तो रंजिशे भुला देना, कौन जाने साँसों की मोहलतें कहाँ तक हैं। पहले से उन कदमों की आहट जान लेते हैं, तुझे ऐ ज़िन्दगी हम दूर से पहचान लेते हैं। देखा है ज़िन्दगी को कुछ इतना करीब से, चेहरे तमाम लगने लगे हैं अब तो अजीब से। - **श्रीकांत गुप्ता**

खास पाती | न ही उसे मालूम मेरे घर का

न ही उसे मालूम मेरे घर का पता न ही मैने पूछा उसके घर का रास्ता न उसने कभी भी मेरी पसंद को जाना न ही मैने उसकी नापसन्द को पहचाना न उसने कभी भी मेरी खुशियों की वजह पूछी न मुझे उसकी मुस्कान का राज जानने की सूँझी न साथ साथ चले हम दोनो बनकर हमसफर न उँगलियों में उँगलियाँ फँसाकर कटा ये सफर दर्द का रिश्ता रहा हम दोनों में इस कदर लड़ता रहा अपनों से मेरे लिए वो हर पहर उसकी चोट से रिसता रहा बाँवरा सा मेरा मन खुशी मुझे देने की खातिर करता रहा वो जतन उसकी मोहब्बत से हार जाता है मेरा दीवानापन वो मुझ पर कुर्बान करता है अपना तन,मन और धन। - **मीता खुराना**

क्यों रुदन करती हो तुम! क्रोध

क्यों रुदन करती हो तुम! क्रोध क्यों करती नही! देख पीड़ा अपने हिय की द्रवित क्यों होती नही! शक्ति हो तुम शक्ति का तुम मान करती क्यों नही! दुष्ट महिषासुरों का वध क्यों करती नही! चीर छूने को हैं जो आतुर, अंगार से अपने उन्हें तुम भस्म करती क्यो नहीं! डालते है जो कुदृष्टि तेरे ही अंश रूप पर, बनके काली तुम उनके शीश धड़ से अलग क्यों करती नही! भय दिखे उस आँख में, जो घूर के देखे तुम्हेंफोड़ दो उस आँख को,क्यों ऐसा तेज तुम धरती नहीं। - **सपना परिहार**

मेरे कमरे का एक कोना बस

मेरे कमरे का एक कोना बस मेरा अपना हैं निहायत अपना मेरी यादे मेरे आंसू मेरे सपने मेरे अनजाने अपने सब यहाँ रहते हैं मेरे साथ जब कोई नही होता मेरे साथ उस कोने से मैं खुद को खुद में ढूढ़ लेती हूँ बेशकीमती हैं यह कोना अदाकारी नही होती ना यहाँ जबरन मुस्कराने की। - **नीलीमा शर्मा**

जपो श्रीराम का तुम नाम

जपो श्रीराम का तुम नाम, हर पल काम आना है चढ़ा कर फूल की माला सुबह ओ शाम आना है पढ़ो गीता-रामायण सब, रखो मन को सदा वश में विधाता की कृपा होगी, सही अंजाम आना है। - **संजय कुमार गिरि**

लोग शाहरुख खान के फैन हो

लोग शाहरुख खान के फैन हो सकते है समझ आता है! हो सकता है वो अच्छा कलाकार हो फिल्में अच्छी भी बनाता हो !! लेकिन ये आर्यन खान तो ना कला है ना कार है फिर कथित शाहरुख फैन आर्यन का फैलाया रायता क्यों समेट रहे है ?? सनद् रहे फिर यही आम लोग जब जमीन पर जद्दोजहद करते है फिर असफलता का दोष परिवार वाद को देते है। - **अम्बर अनिल दानी**

मै अक्सर ऐसा कर जाती हूँ

मै अक्सर ऐसा कर जाती हूँ, तूफानो मे तैरकर लहरो का मजा लेती हूँ। भरे बाग से भी कनैर चुन आती हूँ। भरी बरसात छोड़ कर, ओस की इक बुंद पे मचल जाती हूँ। नारी हूँ मै। इक गुलाब के फूल के लिए, हिरो की चमक छोड़ आती हूँ। कोई प्यार भरा दिल देके देखे, राज महल को ठोकर मार आती हूँ। मै अक्सर ऐसा कर जाती हूँ। - **प्रीती श्रीवास्तव**

यूँ तो जीवन सिर्फ़ मेरा ग़म ही

यूँ तो जीवन सिर्फ़ मेरा ग़म ही ग़म है और दिल भी आँसुओं से मेरा नम है मैं भला दुनिया की चिन्ता क्यूँ करूँगा पास मेरे तू बता दुनिया से कम है दूरियों से दिल की धड़कन रो पड़ेगी क्या गज़ब अपने मुक़द्दर का सितम है इस तरह जीता हूँ तेरी याद को मैं धड़कनें रूक जाएँगी अब, ये अलम है दर्द तन्हाई मेरे साथी रहे हैं और मेरी बस ग़ज़ल मेरा सनम है। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

QUIZ TIME

1) किसके द्वारा किसी देश के लोगों के बीच विषमता को ज्ञात करते हैं?
2) किस कमीशन को व्हाइट मैन कमीशन के नाम से भी जाना जाता है?
3) कृषि भूमि में क्षारकत्व को घटाने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है?
4) भारतीय संविधान के किस भाग में राजभाषा की चर्चा की गई है?
5) केन्द्रीय टसर प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान कहाँ अवस्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) लॉरेन्ज वक्र (2) साइमन कमीशन (3) जिप्सम (4) भाग-17 (5) राँची (झारखण्ड)

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1764 - मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में पराजित हुआ। 1910 - ब्लांश एस स्कॉट अमेरिका में अकेले हवाई जहाज उड़ाने बनाने वाली पहली महिला बनीं। 1915 - न्यूयार्क में लगभग 25,000 महिलाओं ने मतदान के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। 1942 - अल अलामीन के युद्ध में मित्र राष्ट्रों ने जर्मन सेना को पराजित किया। 1943 - नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की 'झांसी की रानी ब्रिगेड़' की सिंगापुर में स्थापना की। 1946 - त्रिग्वेली (नार्वे) संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव नियुक्त। संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयार्क में पहली बार बैठक। 1958 - रूसी कवि एवं उपन्यासकार बोरिस पास्तरनाक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार। 1973 - अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड एम निक्सन वाटरगेट मामले में टेप जारी करने पर सहमत हुए। 1978 - चीन और जापान ने चार दशकों से चले आ रही शत्रुता को औपचारिक रूप से समाप्त किया। 1980 - लीबिया एवं सीरिया द्वारा एकीकरण की घोषणा। हंगरी सोवियत संघ से 33 वर्षों के बाद आजाद होकर एक स्वतंत्र गणराज्य बना। 1998 - जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने पहले बैंक का राष्ट्रीयकरण किया। 2000 - अमेरिकी विदेशी मंत्री मेडलिन अल्ब्राइट की उत्तरी कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग ली के साथ ऐतिहासिक मुलाकात। 2001 - नासा के मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह की परिक्रमा शुरू की। एप्पल ने आईपॉड बाज़ार में उतारा। 2003 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को ईरान ने अपनी परमाणु रिपोर्ट सौंपी।

अतिक्रमण के चपेट में रीवा शहर के प्रमुख चौराहे

अतिक्रमणकारी व्यवसाई बने नगर निगम के लिए चुनौती

रीवा नवप्रदेश ! नगर पालिक निगम रीवा अंतर्गत अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है अतिक्रमण कारी नगर निगम के लिए चुनौती बने हुए हैं शहर के प्रमुख चौराहे इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में है व्यापारियों की दुकाने सड़कों पर सजी देखी जा सकती हैं शहर का प्रमुख चौराहा सिरमौर चौराहा स्थित अमहिया रोड पर सजी दुकानों पर गत सप्ताह नगर निगम उड़नदस्ता द्वारा हटाया गया था साथ ही चलानी कार्रवाई भी की गई थी इसके बाद भी पुन: व्यापारियों द्वारा यथा स्थिति निर्मित कर दी गई है जिसे देखने वाला ना तो जिला प्रशासन है और ना ही नगर निगम पालिक है इस अव्यवस्था से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आखिर स्थाई रूप से इन अतिक्रमणकारी व्यवसायियों पर बड़ी कार्रवाई कब होगी कब जनता को राहत मिल पाएगी यह भी एक बड़ा सवाल है उल्लेखनीय है कि इसके अलावा भी अस्पताल चौराहा प्रकाश चौराहा घोड़ा चौराहा गुड चौराहा जय स्तंभ चौराहा आदि में किए गए अतिक्रमण और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम देखा जा सकता है नगर पालिक निगम द्वारा आए दिन अतिक्रमण हटाने की वाहवाही और अपनी पीठ खुद थपथपाई जाती है लेकिन अतिक्रमण ना हटना चिंता का विषय है कब इन अतिक्रमणकारियों से शहर के लोगों को राहत मिलेगी कह पाना मुश्किल है घोड़ा चौराहा से फोर्ट रोड में दुकानदारों द्वारा अव्यवस्था फैलाए जाने से घंटों जहां जाम लगता है वही दुकानदारों द्वारा सड़कों पर वाहन खड़ा कर जाम की स्थिति निर्मित की जाती है आए दिन देखा जाता है कि नगर पालिक निगम द्वारा चलानी कार्रवाई तो की जाती है लेकिन इस कार्रवाई को व्यवसाई कुछ ना समझते हुए यथा स्थिति निर्मित कर देते हैं लेकिन यह भी एक बड़ा सवाल है की चलानी कार्रवाई के बाद नगर पालिक निगम व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया क्यों नहीं जा रहा ?

अतिक्रमण शहर में लेकिन नगर निगम अमला भटक रहा है ट्रांसपोर्ट नगर में-शहर में जहां लोग अतिक्रमण से आवागमन के लिए परेशान होकर भटक रहे हैं वही नगर पालिक निगम का उड़नदस्ता ट्रांसपोर्ट नगर व अन्य वार्ड मे कॉलोनियों मे अतिक्रमण विरोधी अभियान चला रहा है जबकि शहर के प्रमुख चौराहों से लेकर मुख्य बाजारो तक दर दर पर अतिक्रमण किया गया है इस ओर नगर निगम प्रशासन की नजर क्यों नहीं पड़ रही है माना जाता है कि इसमें कहीं ना कहीं नगर निगम प्रशासन के आलाअधिकारियों की मिली भगत हो सकती है यह भी एक सवालिया निशान खड़ा करता है

सतना आबकारी की विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही

नव प्रदेश मैहर सतना ।। रैगांव विधानसभा उपचुनाव के परिपेक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर महोदय के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी सतना के मार्गदर्शन में वृत्त नागौद के ग्राम पथरौधा, पतौड़ा, नागेंद्र नगर तथा बरहाई में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध मदिरा के धारण परिवहन एवं रोकथाम हेतु कार्यवाही की गई जिसमें 23 भूमिगत चेंबर एवं 5 प्लास्टिक के डिब्बों में फर्मेंटेड महुआ लाहन कुल मात्रा 4675 किलोग्राम तथा विभिन्न स्थानों से कुल 45 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद बरामद होने पर विधिवत कार्यवाही कर प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है उक्त कार्यवाही में कुल 3 प्रकरण कायम किए गए। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं कंट्रोल रूम प्रभारी श्री राजेश पटेल, श्री सोमनाथ राय तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं व्रत प्रभारी श्री सूर्यभान कोरी, आबकारी उप निरीक्षक श्री विजय सिंह बघेल,श्री अजय श्रीवास्तव , सुश्री सोनिया ठाकुर तथा श्री निलेश गुप्ता तथा आबकारी मुख्य आरक्षक श्री लोकेश सिंह, जागेंद्र सिंह , महेंद्र प्रताप सिंह बघेल श्री कुंजीलाल सिंह श्री जैनेंद्र पयासी एवं आरक्षक शंकर प्रजापति संतोष चौधरी मंगल दीन कोल आशुतोष तिवारी एवं नगर सैनिक उपस्थित रहे।

कमलनाथ के रैगांव पहुंचने पर दाद्दा ने की मंत्रणा

नव प्रदेश मैहर । कांग्रेस पार्टी ने रैगांव उपचुनाव मे कोई कोर कसर नही छोडना चाहती है इसी लिये कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ कांग्रेस पार्टी के चुनिंदा कार्यकर्ताओं को उनके अनुभव के अनुसार मंत्रणा में आमंत्रित कर चुनाव में किए जाने वाले प्रयोगों के संबंध में विचार विमर्श करते हैं उसी का एक छोटा सा रूप रैगांव चुनाव अभियान के दोरान कमलनाथ जी के प्रवास मे दृष्टिगोचर हुआ जब नगर पालिका परिषद मैहर के पूर्व पार्षद प्रभात द्विवेदी दद्दा को अपने साथ चलने का इसरा कर चुनावी परामर्श लेते हुए मंत्राणा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने सभी अनुभवी कार्यकर्ताओं को उनके अनुभवों से पार्टी संचालन प्रक्रिया को अंजाम देना प्रारंभ कर चुकी है रैगांव चुनाव मे प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के कुशल अनुभवों का लाभ पार्टी लेना चाहती है यह इसी का परिणाम है कि दद्दा के परामर्श से कमलनाथ जी प्रभावित हुए और उनके बताए अनुसार पार्टी ने बहुत से निर्णय लीये है निर्णय लाभ में परिवर्तित हो इसका अभी इंतजार है रैगांव चुनाव की कमान अपने अपने सेक्टर की जिम्मेदारियों का निर्वाह निर्धारित मापदंड के साथ हुआ तो परिणाम भी कांग्रेसमय ही होगा

रैगांव की जनता को अपने 17 साल का हिसाब दें शिवराज:कमलनाथ

सतना। रैगांव विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने शनिवार को दूसरी बार सतना पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शिवराजपुर में चुनावी सभा में हिस्सा लिया। इससे पूर्व उन्होंने शिवराजपुर के दहलान धाम पहुंच कर दर्शन पूजन किया। शिवराजपुर के बाद पीसीसी चीफ भरजुना भी पहुंचे और यहां भी चुनावी सभा को संबोधित कर कल्पना वर्मा के लिए वोट की अपील की।

शिवराजपुर की चुनावी सभा के मंच पर पूर्व सीएम कमलनाथ, राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल,विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, नीलांशु चतुर्वेदी,नरेश सर्राफ, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ,पूर्व स्पीकर एनपी प्रजापति, पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह,प्रभारी अजय टंडन, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रीवा सिद्धार्थ तिवारी,कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा,कांग्रेस प्रत्याशी कल्पना वर्मा भी मौजूद रहीं।पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा , शिवराज की सभा मे लाई हुई सरकारी भी? होती है लेकिन हमारी इस सभा मे आई हुई भी? है। जब मैं सीएम था तब भी भी? लाई जाती थी, मुझे पता है।शिवराज से कहता हूँ कि 35 साल रैगांव ने आपका साथ दिया है,भाजपा 35 साल का और 17 साल का हिसाब रैगांव को दे दीजिए। बरगी का पानी नही आया। 17 साल से आप घोषणाएं करते हैं ,माफी तो मांग लेते । आपको बता दूं कि चुनाव हो जाएगा लेकिन पानी नही आएगा। शिवराज मुझसे हिसाब मांगते है ,मैं देने को तैयार हूं लेकिन वो भी जवाब दें। बरगी इसलिए नही बनी क्योंकि भ्र्ष्टाचार था, ठेकेदारो से साठगांठ थी।कमलनाथ ने कहा शिवराज ने सिर्फ घोषणाएं की,अब तक 22 हजार घोषणाएं की हैं। लेकिन अब वो जनता को मूर्ख नही बना सकते। हम कृषि क्षेत्र में,युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाना चाहते थे। नौजवान देश का भविष्य है।

शिवराजपुर और भरजुना की सभाओं में पूर्व मुख्यमंत्री का मुख्यमंत्री पर हमला

आप कांग्रेस या कमलनाथ का नही सच्चाई का साथ 30 तारीख को दीजिये-कौन सी चीज ऐसी है जिसमे महंगाई नही है। ये तस्वीर आपके सामने है आप इसे सामने रख के वोट दीजियेगा। आपका वोट मप्र के भविष्य बनाएगा।मोदी जी राष्ट्रवाद का पाठ पढाते हैं जबकि उनकी पार्टी में एक भी स्वतंत्रता सेनानी नही है।

जुगुल कक्का की भी सगी नही है भाजपा - अजय सिंह राहुल ने बघेली में अपनी बात रखते हुए कहा , मैं आपको इस चुनाव का महत्व बताना चाहता हूँ। समझ नही आता कि प्रदेश के मुखिया इतना क्यो परेशान है। आठ बार आ चुके हैं ,फिर 26 को आ कर रात में रुकना चाहते हैं। लगता है उनकी कुर्सी डगमगा रही है। वो जुगुल कक्का के सगे नही हुए वरना उनके परिवार को टिकट मिलती। लेकिन वो किसी भी कीमत पर चुनाव जीतना चाहते हैं।

इस बार इतिहास रचेगा रैगांव-रैगांव इतिहास रचने वाला है, 35 साल से कांग्रेस यहां नही जीती। लेकिन इस बार कांग्रेस ही जीतेगी। लोकसभा में भी एक बार अर्जुन सिंह जीते फिर 2014 में रैगांव की जनता ने मुझे बहुत वोट दिए। अगर रैगांव भाजपा जीती तो शिवराज सिर्फ सतना के सांसद की पीठ थपथपाएंगे लेकिन अगर हारे तो मंत्री- मुख्यमंत्री सब ये पता लगाने आएंगे कि रैगांव में हमारा पट्टा लिखा था कैंसिल कैसे हुआ। आप को तय करना है।आपको चित्रकूट जैसा परिणाम देना है क्योंकि इससे ही 2023 में कांग्रेस सरकार का रास्ता बनेगा।हम सब थक गए हैं महंगाई से। तीन माह बाद यूपी में चुनाव होने हैं।आप यहां जो करेंगे उसका असर वहां भी होगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया शहीद का अपमान -विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने वीडी शर्मा के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सतना के सपूत की शहादत पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा था कि कांग्रेस पाकिस्तान भक्त है लेकिन ये बताना भूल जाते हैं कि बिरयानी खाने कौन जाता है। उन्होंने शहीद का अपमान किया है।

खिसक गई है शिवराज की जमीन -विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ने कहा , भाजपा साम दाम दंड भेद के जरिए पोलिंग जीतना चाहती है लेकिन यहां कामतानाथ और पटपरनाथ का डंड चलता है। भाजपा यहां चुनाव हार चुकी है। शिवराज के नीचे से जमीन खिसक गई है। उन्होंने क्षेत्र की बहनों का अपमान किया है,युवाओं का अपमान किया है।शिवराज आप नाटक नौटंकी बंद कर दो। आपके पाप का घड़ा भर गया है। घड़ा भरता है तो भगवान दंड देता है।

श्री अजमीड जू देव की मनाई गई जयंती

नव प्रदेश सीधी । सीधी में स्वर्णकार समाज की महिला मंडल के द्वारा अपने इष्ट देव श्री अजमीढ़ जूदेव की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ सैकडों महिलाओं की उपस्तिथी मे मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीते शुक्रवार 22 अक्टूबर को जगदंबा सुभाष चंद्र सोनी के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में समाज की वरिष्ठ महिलाओं का माल्यार्पण और श्रीफल देकर सम्मान किया गया और श्री अजमीढ़ देव जी के जीवनी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि श्री अजमीडजूदेव जी हमारे स्वर्णकार समाज के इष्टदेव हैं । स्वर्णकार समाज की जन नेत्री पूनम सोनी ने समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि जिस तरह बिछड़े हुए मोतियों का कोई मतलब नहीं होता उसी तरह बिखरा हुआ समाज भी कार्यशील नहीं होता इसलिए समाज की सभी महिलाओं को एक माला में पिरो कर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की आयोजक जगदंबा सोनी की सराहना करते हुए समाज की सभी महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अजमीढ़ देव जी की जयंती को हर्ष और उल्लास के साथ इसी तरह हर वर्ष मनाया जाए और ऐसे कार्यक्रमों में समाज का हर व्यक्ति रुचि ले। सीधी में यह कार्यक्रम काबिलेतारीफ रहा है ।उक्त कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज की सैकडों महिलाओं की सराहनीय उपस्थिती रही उपस्तिथ महिलाओं में सत्या सोनी, शांति सोनी, संतोष सोनी, मालती सोनी, भावना सोनी ,विभा सोनी , कमला सोनी, माधुरी सोनी ममता सोनी ,अलका सोनी, सरस्वती सोनी ,टीना सोनी रश्मि सोनी ,सुशीला सोनी, अंजली सोनी ,अंजू सोनी, कामना सोनी, सविता सोनी ,सीमा सोनी ,मधु सोनी, मीना सोनी ,अनीता सोनी, अर्चना सोनी ,माया सोनी ,प्रभा सोनी, रामकली सोनी, शिखा सोनी, तानिया सोनी ,अलीशा सोनी, अंकिता सोनी ,दिव्या सोनी ,अनामिका सोनी सहित अन्य महिलाएं उपस्तिथ रहीं।

सभी महिलाओं को एक माला में पिरोकर कार्य करना चाहिए पूनम सोन

एनएसयूआई ने सीएम का किया पुतला दहन

प्रदेश मे सिलसिलेवार हो रही कॉग्रेसियों की हत्या,कुशासन चरम पर : दीपक

नव प्रदेश सीधी । सीधी। स्थानीय कलेक्ट्रेट चौक पर शनिवार की दोपहर एनएसयूआई ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर वर्तमान कुनीतियों के विरोध मे जमकर नारेबाजी की गयी। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया कि शिवराज के राज्य मे नीति एवं नियमों की खुलेआम धज्जियॉ उड़ाई जा रही है और जबाबदेह अधिकारी कर्मचारियों पर नीति विरोधी दबाब डाला जा रहा है, जिसके चलते समाज मे इन दिनो अपराध चरम पर चल रहा है। जिसका ताजा उदाहरण मध्य प्रदेश मे अपराधों के बढ़ते ग्राफ को देख कर लगाया जा सकता है साथ ही मंडला मे कॉग्रेसियों की सिलसिलेवार ढंग से निर्दयता पूर्वक हत्यायें हो रही हैं और पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधो को बढ़ावा दिया जा रहा है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया कि मंडला में एनएसयूआई कार्यकर्ता की बेरहमी से हत्या बजरंग दल का नगर प्रमुख रह चुका है आरोपी द्वारा की गयी है, 20.25 की संख्या में आए स्थानीय दबंगों ने घर से उठाकर एनएसयूआई कार्यकर्ता अभिषेक ज्योतिषी को तलवार से काट डाला। उक्त मामले का मुख्य आरोपी बजरंग दल का नगर प्रमुख रह चुका है। दीपक ने आगे बताया कि अभिषेक के हत्यारों को सत्तारूढ़ दल का भरपूर संरक्षण प्राप्त है, इसलिए पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार देर रात अभिषेक ज्योतिषी के घर दो दर्जन बदमाश धारदार हथियार लेकर पहुंचे। इस दौरान घर में अभिषेक नहीं था तो वे उसकी बहन पूजा व मां के साथ बदसलूकी करने लगे। आरोपियों ने अभिषेक की बहन के गर्दन पर तलवार रख अभिषेक और उसके छोटे भाई आनंद को बुलाने के लि दबाव बनाया। बहन का फ ोन आने के बाद जब दोनों भाई घर पहुंचे तो वहां बदमाशों को देख वे डर गए। छोटे भाई आनंद ने उन्हें घर से बाहर निकलने को कहा तो आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमलाकर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। शिवराज सरकार मे अन्याय अनीति सातवे ऑसमान पर चल रहा है अब इस पर पूर्ण विराम का समय आ गया है।

पुतला दहन मे ये रहें मौजूद -एनएसयूआई द्वारा अम्बेडकर चौक पर कुशासन के विरोध मे मप्र के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया जिसमें रमन सिंह चौहान, विपुल गौतम, करण सिंह चौहान, प्रकाश सिंह चौहान, मुकेश मिश्रा, नवीन यादव, अभिजीत सिंह, देवराज सिंह, आदित्य, हर्ष, भयंकर लाला यादव, प्रांशु अग्निहोत्री, आदित्य, अर्पित, कृष शुक्ला, आदित्य सिंह, सत्यम गौतम, विनीत तिवारी, ध्रुव सिंह, राहुल जायसवाल, अभिषेक शुक्ला, विनय शुक्ला, शिवम भदौरिया, राजेश पनिका सहित अन्य एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

लूज बोल्डर के काम में जमकर किया गयाभ्रष्टाचार

सतना। जिले के मझगवां जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पछीत, में रोजगार सहायक राजबहादुर की मनमानी इस कदर हावी है कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से हो रहे कार्य लूज बोल्डर मे जमकर भ्रष्टाचार किया गया है ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सहायक द्वारा नाम मात्र के लूज बोल्डर के काम कराए गए हैं और फर्जी तरीके से राशि आहरित की गई है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मनरेगा के कार्यरिकॉर्डमे पूर्ण दिख रहे हैंलेकिन हकीकत में देखे जाए तो आधे अधूरे निर्माण कार्य कराकर पूरी राशि रोजगार सहायक के द्वारा निकाली गई है आज भी मनरेगा के कार्य आधे अधूरे पड़े हैं और पैसा पूरा निकल चुका है अगर एक बार जिला के अधिकारियों द्वारा मनरेगा के सभी निर्माण कार्यों की जांच की जाए तो पंचायत में लगभग लाखों रुपए की रिकवरी जारी हो सकती है यहां तक की रोजगार सहायक सचिव के ऊपर रिपोर्ट दर्ज हो सकती है क्योंकि सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार लूज बोल्डर में किया गया है अब देखना है कि अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं

अस्थाई पटाखा लायसेंस वितरण के लिए ड्रॉ 27 अक्टूबर को

सिवनी (नव प्रदेश)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि आगामी दीपावली पर्व में खुदरा पटाखा विक्रय करने के लिए अस्थाई लायसेंस वितरण के लिए 27 अक्टूबर को दोहपहर 12.00 बजे से ड्रॉ का आयोजन किया गया है। जिसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

ज्ञान का चर्म फल भक्ति,और भक्ति का चरमफल ज्ञान है: स्वामी मैथिलीशरण

नव प्रदेश सीधी । न जानना अज्ञान है और जान लेना ज्ञान है, तथा जानते हुए भी न जानने जैसा व्यवहार करना मोह है, जो सकल व्याधियों का मूल है और अज्ञान जनित अहमता, अस्मिता राग द्वेष और अभिनिवेश, के कारण या तो दीपक को जलने ही नहीं देते और यदि कहीं जल भी जाये तो इन्द्रियों के जो देवता हैं जिनको सहज रुप से ही साधक की साधना में प्रगति रास नहीं आती है, वे इन्द्रियों के दसों दरबाजों से वासना की ऐसी बयार चलाते हैं कि साधक का जलता दीपक बुझ जाता है, और तब वह साधक अन्ततोगत्त्वा पुन- नाना भांति के क्लेशों को प्राप्त हो जाता है। स्वामी मैथिलीशरण जी ने कहा कि जीवन में जब तक भगवान की भक्तिरूपी मणि का प्रकाश नहीं होगा, तब तक साधक अपने उन परम लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकेगा, जो इस संसार के लिए अनुकरणीय भी होंगे और ज्ञान के चरम फल भगवान से एकरूपता की अनुभूति की भी प्राप्ति करा देंगे।भगवान का भक्त राम परायण होता है, ज्ञानरत होता है, गुणों का आगार होता है और धीर मति भी होता है। वह ज्ञान के द्वारा उपलब्ध फलों को कृपा के द्वारा सहज ही प्राप्त कर लेता है। पुराणों और वेदों की कथाओं को संतों के मुख से सुनने से वह सीधे हृदय में उतर जाती हैं और जीवन में मधुर, मनोहर और मंगलकारी परिणामों को जन्म देती है, पर हमें समुद्र के खारे जल को मीठा बनाने के लिए जरा अहमता और ममता के खारेपन को छोड़ कर बादलों की तरह जरा सा मैं-मेरा और तू-तेरा की मिथ्या ग्रन्थियों से ऊपर उठना पड़ेगा।

नोई, निवृत्ति, पात्र और विश्वासों की व्याख्या को समझाते हुए श्री मैथिलीशरण जी ने कहा कि कुछ गायों की प्रवृत्ति होती है कि दुहते समय वे पैर चलाती हैं, तो पैर चलाने की प्रवृत्ति को निवृत्ति की रस्सी से क़ाबू किया जा सकता है। स्वामी जी ने कहा कि प्रवृत्ति निवृत्ति विषयक होनी चाहिए और निवृत्ति प्रवृत्ति के बाद ही संभव होती है। इस प्रकार, ज्ञान का दीपक जलाने के पश्चात अंत में व्यक्ति को उपादान रहित भक्ति प्राप्त हो जाती है, जिसको पाकर व्यक्ति के जीवन में नीति, प्रीति परमार्थ और स्वार्थ सब कुछ श्रेय और प्रेय को देने वाला हो जाता है और जीवन सहज और संयत हो जाता है।

बया करती ग्राम पंचायत दिनारी सरपंच सचिव द्वारा किये गए भृष्टाचार कि कहानि

तेन्दूखेडा/दमोह। ग्राम पंचायत दिनारी का यह सरपंची का कार्यकाल सिर्फ सरपँच सचिव के द्वारा किये गए भृष्टाचार के नाम रहा है।जहाँ पर फर्जी वेंडर फर्जी बिलो के सहारे सरकारी राशि का दुरुपयोग किया है।

बनाई गई स्कूलों की बाउंड्री बालों में जमकर किया भृष्टाचार-सरपँच सचिव द्वारा ग्राम पंचायत दिनारी के विभिन्न भवनों एवम शालाओ की बाउंड्री बाल बनाई गई है।जिनमे सरपँच सचिव द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग करने के कारण उनमे दरारे आ चुकी है और जल्द ही वे धरासायी हो जाएगी।पँचायत द्वारा बनाई गई तमाम बाउंड्री बाल स्टीमेट के अनुसार नही बनाई गई है।इनमे जितना लोहा,सीमेंट लगना था उतना लोहा,सीमेंट नही लगा है।इन बाउंड्री बालों में गेट के लिये तय मॉनको के अनुरूप नही लगाए गए हैं।इस तरह लाखो रुपयों की1बाउंड्री बाले जल्द ही धराशायी हो जाएगी।

अधिकतर निर्माण सरपँच की खेती के पास करवाये-सचिव द्वारा कराए गए अधिकतर कार्य जो कि सार्वजनिक जगहों पर होना चाहिए थे वो सरपँच की खेती के आस पास ही करवा दिये।जैसे स्टाप डेम,पुलिया निर्माण, परकोकेशन टैंक सडके आदि।ब्यक्ति विशेष को लाभ देने कि मंशा से सचिव द्वारा कार्य किया गया है।जो जनहित विरोधी मानसिकता कि सूचक हैं। लोगो का आरोप है कि इतनी सारे निर्माण सरपँच की खेती में करा दिए जिसका उपयोग सिर्फ सरपँच या सरपँच के रिश्तेदार ही करते हैं।हम गरीब लोग दूसरों की खेती या जमीन में कैसे जा सकते हैं।

माझा टोला में बना सामुदायिक भवन उपयोग के लिये खुला नही-ग्राम पंचायत दिनारी में सरपँच सचिव द्वारा जारी भृष्टाचार अभी रुका नही है।पँचायत द्वारा लाखो रुपये कि लागत से एक सामुदायिक भवन जो ग्राम दिनारी में बनना था।वह माझा टोला में बना दिया है।और उसको उपयोग के लिये अभी जनता के लिये खोला नही है।माझा टोला में सिर्फ आठ दस परिवार ही रहते हैं और जिसकी भूमि पर यह बना हुआ है उससे दान पत्र लिए बगैर ही पँचायत ने लाखों रुपयों से सामुदायिक भवन बना दिया ग्राम दिनारी शासकीय जगह भरपूर थी और आबादी भी बहुत थी जिसका ग्राम दिनारी में बनना अधिक जन कल्याणकारी साबित होता मगर जन मानस की भलाई के विपरीत सोच वाले सरपँच सचिव अपनी गरीब जनता कि भलाई कैसे सोच सकते थे। **इनका कहना है** - ग्राम पंचायत के सचिव जुगराज सिंह लोधी को फोन लगाया तो उन्होंने फोन काट दिया

एक दिन की अधिशासी अधिकारी बनी राशि चौहान

तेन्दूखेडा/बागपत । मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत एक दिन के लिए राशि चौहान को नगर पालिका बागपत का अधिशासी अधिकारी बनाया गया।राशि चौहान ने कार्यालय में बैठकर नगर के लोगों की समस्याएं सुनी और उन समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने के दिशा-निर्देश दिए। राशि चौहान को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की कुर्सी पर बैठा देखकर उसके माता-पिता की खुशी का भी कोई ठिकाना नहीं रहा। खुशी में वह भावुक हो गये। उनके परिवार वालों ने नगर पालिका बागपत के अधिशासी अधिकारी, मिशन शक्ति के साथ-साथ सरकार का भी आभार जताया। कहा कि उनकी बेटी को यहां देखना उनके लिए गर्व की बात है। साथ ही राशि चौहान के पिता सुनील चौहान ने अपने आंसू पोछते हुए कहा कि यह एक उदाहरण है कि बेटियां किसी से कम नहीं है। जब एक बेटी एक मुकाम हासिल कर सकती है तो और कोई बेटी भी ऐसा कर सकती है। इस मौके पर नगरपालिका बागपत के वरिष्ठ लिपिक महेशचंद शर्मा, राजस्व निरीक्षक शीतल कुमार, कंप्यूटर प्रोग्रामर संदीप कुमार, पवन धामा आदि थे।

डेंगू व चिकुनगुनिया से करें बचाव

पन्ना। मच्छर से फैलने वाले डेंगू, चिकुनगुनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षा के लिए मच्छरों से बचाव व नियत्रण हेतु जनभागीदारी व जनजाग्रति का होना आव'यक है। वर्षाकाल में जगह जगह पानी इकटठा हो जाने से उनमें मच्छरों की उत्पत्ति व वृद्धि होती है। ये मच्छर रोगी व्यक्ति को काटने पर संक्रमित हो जाते हैं व इन संक्रमित मच्छर के काटने से डेगू, चिकुनगुनिया, रोग का प्रसार होता है। इस बीमारी से ग्रसित रोगी को बुखार, सिरदर्द, बदनदर्द, उल्टी आना, ठंड लगना जैसे लक्षण होते हैं जिनका त्वरित उपचार आवश्यक है। डेंगू व चिकुनगुनिया रोग सफेद चकत्ते वाले ,डीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन में सक्रिय रहता है। बीमारी फैलाने वाले मच्छर घरों में नमी वाले अंधेरे स्थान में विश्राम करते हैं एवं साफ व रूके पानी में पनपते हैं जो कि हमारे घरों में व आसपास पानी से भरे पात्र जैसे- गमले, टंकी, टायर, मटके, कूलर, टूटा-फूटा कबा? में भरे पानी, नल, हैण्डपंप व कुएं के आसपास भरे पानी में मच्छर अपने अण्डे देते हैं व 7 से 12 दिन में अंडे से मच्छर बनने का जीवनचक्र पूर्ण हो जाता है। अत: पानी से भरे बर्तन, टंकियों आदि का पानी सप्ताह में अवशय बदलते रहें व कुएं, हैण्डपंप, नल के आस पास पानी इकट्ठा न होने दें उन्हें मिट्टी से भराव करायें या पानी की निकासी कराकर मच्छरों की उत्पत्ति स्थल को नष्ट करें, व मच्छरों के लार्वा नहीं पनपने दें। मच्छरों से बचाव करें। मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरे आस्तीन के कपडे पहनें, मच्छर भगाने वाली क्रीम या क्वाइल का उपयोग करें, नीम की पत्ती का धुंआ करें।डेंगू के लक्षण जेसे तीव्र बुखार, सिरदर्द ,मांसपेशियों में दर्द, जी मचलना ,उलटी होना ,गंभीर मामलों में नाक ,मुंह, मसूड़ों से खून आना, दिखने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह ले।

आदेश के वावजूद भी खुला है ब्यारमा नदी पर बना स्टाप डेम,विभाग कि लापरवाही

ग्राम सेहरी के पास बना है, सिचाई विभाग करता है बन्द

तेन्दूखेडा। विगत दिनों माननीय कलेक्टर महोदय दमोह द्वारा आदेश पारित हुआ था कि समस्त छोटे बडे स्टाप डेम तुरन्त बन्द कर दिये जायें ताकि बहते हुए पानी को रोका जा सके।और किसान और मवेशियों के काम आ सके।कम बारिश वाली इस साल में पानी का महत्त्व बड जाता है।लेकिन तेन्दूखेडा में स्थित सिचाई विभाग द्वारा इस आदेश की अवहेलना की गई है।ग्राम सेहरी में ब्यारमा नही में बना स्टाप डेम अभी भी खुला हुआ है।उसे अभी बन्द नहीं किया गया है।ग्राम सेहरी एवम आस पास के लोग इस बहते हुए पानी को देख करचिंता में आ गए हैं।उनका कहना है कि अगर स्टाप डेम के गेट बंद नही किये गए तो हमारी फसलो कि सिचाई कैसे होगी।किसानों कि तरफ से विभाग को इसकी सूचना दे दी गयी है।उपयंत्री ऐल के द्विवेदी ने बताया कई हम बहुत जल्द ही गेट बंद करवा देंगे।

भगवती मानव कल्याण संगठन ने पकडी दो पेटी अवेध शराब

वाहन क्रमांक MP 34C 3844मालिक रबिन्द्र राय की बुलेरो से सप्लाई हो रही थी अवेध शराब

तेन्दूखेडा/दमोह। नशा मुक्त समाज की स्थापना हेतु भगवती मॉनव कल्याण संडठन लगातार समाज मे जाग्रति लाने का प्रयास कर रहा है।परम् हंस योगी राज श्री शक्ति पुत्र महराज जी के आदेश अनुसार भगवती मानव कल्याण संडठन एवम भरतीय शक्ति चेतना पार्टी समाज मे बिक रही अवैध शराब का पुर जोर विरोध करती आई है।समाज की नशा मुक्त करने हेतु शासन कि शराब लगभग सभी गांवों में अवैध रूप से बिक रही है।जिसे शासन प्रसाशन की ओर बडावा दिया जा रहा है।जिससे हमारी नोजवान पीडी बरबादी की कगार तक जा पहुँची हैं। इसी क्रम में दिनाक22/10/21को रात लगभग 9 बजे देशी शराब दुकान तेन्दूखेडा के सामने शराब दुकान दारो द्वारा एक बुलेरो पर दो पेटी अवैध शराब लाधि जा रही थी।वाहन क्रमांक स्क्34ष्ट3844पर यह नशा की खेप देहातो में ले जाई रही थी।जिसे भगवती मानव कल्याण संडठन जे सदस्यो ने रगे हाथों पकडा।जिसमे100पाव देशी शराब के पाव मौजूद थे।

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा तेंदूखेड़ा के *(जिला-दमोह) के कार्यकर्ताओं के द्वारा नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत दिनांक 22/10/2021 को समय रात्रि 9ः00 बजे तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत नगर तेंदूखेड़ा में स्टैंड के पास एक बोलेरो से पकड़ी 2 पेटी अवैध शराब जिसमे 100 पाव अबेध शराब थी!

गाड़ी चालक- महेश सेन बोलेरो छोड़कर मौका पाकर भाग निकले- *जिसे भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा पुलिस को सूचना देकर आरोपियों के नाम से एफ.आई.आर शराब माफिओ द्वारा गांव-गांव में शराब की सप्लाई कर रहे हैं जिससे संगठन के कार्यकर्ताओं ने धर दबोचा एफ आई आर.दर्ज.करा करअपराध क्रमांक 413/21धारा(34)के तहत कारवाही कर वाहन एवम अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

कामदगिरि मोटर्स एजेन्सी पवई का रात मे ताला तोडकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पन्ना । प्रहलाद सिंह पिता बिहारी सिंह परमार उम्र 70 वर्ष निवासी पवई ने आकर रिपोर्ट किया की दिनांक 19.20/10/21 की दरम्यानी रात मेरी हीरो एजेन्सी के स्टाक रूम का रात मे किसी अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोडकर स्टाक मे रखी 32 नग मोटर साईकिल की बैटरियाँ एवं 15 नग चैन स्पाकिट चोरी कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना पवई में चोरी का अपराध क्रमाक.426/2021 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तथा इसकी जानकारी थाना प्रभारी पवई डी0के0 सिंह द्वारा तत्काल सभी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही - पुलिस अधीक्षक पन्ना धर्मराज मीणा द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देषन , अनु0 अधिकारी पुलिस पवई रक्षपाल सिंह यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पवई द्वारा टीम का गठन किया गया और चोरी हुए माल की बरामदगी हेतु उचित दिशा निर्देश दिये गये जिसके पालन मे पुलिस टीम द्वारा संदेही प्रवृत्ति के लोगो को चिन्हित करते हुए अपने मुखविर तंत्र को सक्रिये किया गया मुखविर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा संदेही को पुलिस हिरासत मे लेकर पूछतांछ की गई । जिसने चोरी करना स्वीकार किया जिसके बताये अनुसार मोटर साईकिल की एक्साईड कम्पनी की 32 बैटरिया कीमती 28000रुपये एवं हीरो कम्पनी के मोटर साईकिल के 15 चेन स्पाकिट कीमती 12000रुपये का जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की अनन्तिम सूची जारी

पन्ना। एकीकृत बाल विकास परियोजना गुनौर के आंगनवा ?ी केन्द्रों में रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों की पूर्ति के लिए खण्डस्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित कर चयन किया गया है। चयनित किए गए आंगनवा ?ी कार्यकर्ताओं में ग्राम पंचायत लुहरगवां के अमरी केन्द्र में रानू पटेल व तिदुनहाई में सर्वेश सिंह राजपूत, गडोखर में स्वाती पाण्डेय व कचौरा में पूनम राजा, पडेरी वार्ड नं-01, 02, प्रियंका प्रजापति तथा सहायिकाओं में नचने/लक्ष्मीपुर जयकली कोल तथा गुनौर वार्ड नं-13 में ज्योति सपेरा का चयन किया गया है।

नगरपालिका पन्ना की सीमा वृद्धि के उपरान्त परिसीमन की कार्यवाही प्रारंभ

पन्ना।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी द्वारा आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरपालिका की सीमा वृद्धि होने पर ग्राम पंचायतें एवं सीमावर्ती ग्राम पंचायतों के क्षेत्र को नगरपालिका में शामिल करते हुए जनपद पंचायत के परिसीमन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला पंचायत पन्ना द्वारा नगरीय सीमा में शामिल हो रहे आंशिक क्षेत्र वाली 04 ग्राम पंचायतों के 260 मतदाता किस वार्ड में रहेंगे तथा 06 पंच वार्ड में एक भी मतदाता नहीं बच रहा है, उनकों परिसीमन कर विलोपित किया जाएगा। संबंधित वार्डो एवं जनपद के वार्डो का पुन: परिसीमन किया जाना है। परिसीमन के बाद किसी पद के आरक्षण की आवश्यकता है अथवा नहीं इसका परीक्षण किया जाएगा। नगरपालिका पन्ना द्वारा 06 पंचायतों को शामिल कर उनके वार्डों का निर्धारण करते हुए नये वार्ड गठित होंगे उनके आरक्षण की कार्यवाही जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा की जाएगी। वार्डों के गठन के बाद नगरपालिका के मतदान केन्द्रों का पुर्ननिर्धारण किया जाएगा। जनपद पंचायत पन्ना की 06 ग्राम पंचायतों के मतदान केन्द्र को विलोपित करते हुए परिसीमन के आधार पर 04 ग्राम पंचायतों के मतदान केन्द्रों का पुर्ननिर्धारण किया जाएगा। नव गठित वार्डो की सीमा के अनुसार पंचायतों की मतदाता सूची से मतदाता शिफ्ट करने के लिए आधार पत्र तैयार करने एवं ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में शिफ्टिंग की आदि कार्य सम्पादित करने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें सुधीर सिंह कुशवाहा तहसीलदार पन्ना, पी.एल. पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पन्ना, यसवंत वर्मा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका पन्ना, घनश्याम शर्मा खण्ड पंचायत अधिकारी पन्ना, सुरेश कुमार साहू नगरपालिका पन्ना, राजस्व निरीक्षक मंडल पन्ना के साथ संबंधित क्षेत्र के ग्राम पंचायत सचिव एवं हल्का पटवारी की ड्यूटी लगाई गई है।

मैहर के सोनवारी में BSNL के कार्य की धौस दिखाकर ठेकेदार बना रहा मौत का कुआँ,कभी भी राहगीरों की जा सकती है जान

मैहर बरही मार्ग ,सोनवारी में रोड किनारे बड़े बड़े गड्ढे खोद ठेकेदार द्वारा लोगो की लिए मौत का कुआँ बनाया जा रहा है ग्रामीणो द्वारा विरोध करने पर सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्य के आरोप में जेल भेजने की धमकी दी रही है। जबकि जिम्मेदार तंत्र मौन है लोगो ने मांग कि है अगर इन गड्ढो की वजह से हादसा होता है तो ठेकेदार और अनदेखा करने वाली [illegible] विभाग के लोगो के ऊपर उस हादसे का मुकदमा कायम होना चाहिए क्योंकि जिस प्रकार से काम बीएसएनएल ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है तो देखने से आभास होता है कि किसी ना किसी दिन बड़ा हादसा जरूर होगा क्योंकि तकरीबन पांच 5 फीट के गड्ढे रोड के किनारे खोदकर ना किसी प्रकार की कोई सुरक्षा ना ही कोई उपकरण जो कि गड्ढे को इंडिकेट करें नहीं लगाए जा रहे हैं बिल्कुल पूरी लापरवाही बरतते हुए ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है जबकि इस बात का ग्रामीणों ने जोरों शोरों से विरोध किया लेकिन नतीजा कुछ नहीं देखना होगा कि इस खबर के माध्यम से सूचना पाते ही प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

शिल्पी प्लाजा के पास समोसा चाट अंडा की गोमती का ताला टूटा गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान हुए पार

रीवा नवप्रदेश ! जिले से है जहां सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शिल्पी प्लाजा के पास चाट समोसा एवं अंडा का व्यापार करने वाले व्यापारी की गोमती में बीती रात चोरों ने ताला चटका कर गोमती के अंदर रखा सामान पार कर दिया है पीड़ति दुकानदार ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज करवा दी है पीति द्वारा बताया गया की गैस भट्ठी और गोमती के अंदर रखा अन्य समान पार हो गया है। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया मामले जांच कराई जाएगी जिस व्यक्ति द्वारा चोरी की गई है जल्द ही वह पुलिस के गिरफ्त में होगा !

विधानसभा अध्यक्ष के बेटे का ऑडियो वायरल टोल प्लाजा कर्मचारी को दे रहे थे धमकी

राहुल गौतम पर टोल प्लाजा के कर्मचारियों से बदतमीजी करने का आरोप लगा है.

रीवा नवप्रदेश ! वायरल वीडियो के आधार पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के रीवा जिला उपाध्यक्ष तथा वर्तमान के विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के पुत्र राहुल गौतम का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है जिसमें वह विधानसभा अध्यक्ष का नाम लेकर टोल प्लाजा के मैनेजर से अभद्र भाषा में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं. बताया जा रहा है कि विधानसभा अध्यक्ष के परिवार का वाहन टोल प्लाजा से निकल रहा था जिसे रोककर टोल कर्मियों के द्वारा पूछताछ की गई जिसके बाद टोल कर्मियों की इस हरकत से आहत होकर विधानसभा अध्यक्ष के पुत्र राहुल गौतम ने फोन में इस तरह की अभद्र भाषा का प्रयोग किया है.

विधानसभा अध्यक्ष के पुत्र का विवादित ऑडियो हुआ वायरल-

विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के द्वारा जनता की समस्याओं को बारीकी से सुनने तथा उसमें त्वरित निदान को लेकर रविवार से साइकिल यात्रा का आगाज किया जा रहा है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के शामिल होने की संभावना है. साइकिल यात्रा के ठीक 1 दिन पहले ही उनके पुत्र के द्वारा टोल मैनेजर से अभद्र भाषा में बातचीत करने का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल होने लगा है जिसमें विधानसभा अध्यक्ष के पुत्र राहुल गौतम के द्वारा चोरहटा थाना क्षेत्र पर स्थित टोल प्लाजा की मैनेजर से अभद्र भाषा में बातचीत की जा रही है. बातचीत करते हुए राहुल गौतम ने कानून तक को अपने हाथों में ले लिया और ऑडियो में कहां की टोल मैनेजर को गिरफ्तार करके मेरे पास लाओ मैं इसे सबक सिखाऊंगा. इस ऑडियो के बाद सियासी गलियारों में भी हड़कंप मच गया है तथा विपक्षी दल कांग्रेस इसे आड़े हाथों ले रहा है.

टोल प्लाजा के मैनेजर के साथ कर रहे गाली-गलौच- विधानसभा अध्यक्ष के पुत्र राहुल गौतम भारतीय जनता पार्टी संगठन में जिला उपाध्यक्ष के पद पर है, जिसके बाद पार्टी अनुशासन को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं. कांग्रेसियों ने पार्टी अनुशासन से हटकर जिला उपाध्यक्ष के द्वारा दिए गए बयान पर कार्रवाई की मांग की है.

टोल प्लाजा में घुसकर की गई मारपीट-शनिवार दोपहर में एक वीडियो वायरल हुई जिसमें या देखा गया की टोल प्लाजा मैं अंदर घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की गई है चोरहटा थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि 15 तारीख को रात्रि में कुछ अज्ञात व्यक्ति द्वारा टोल प्लाजा में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की गई जिनके खिलाफ चोरहटा थाना में मामला भी दर्ज है टोल प्लाजा के मैनेजर द्वारा बताया गया कि टोल प्लाजा में अंदर घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की गई जिसकी शिकायत मैंने चोरहटा थाने में दर्ज करा दी है कुल 4 से 8 संख्या में बदमाश टोल प्लाजा के अंदर घुसकर काफी गाली गलौज एवं सामान की तोड़फोड़ की गई व जान से मारने की धमकी भी दी गई है।

अपराधः मामूली सी बात पर नाबालिग बालिका ने की थी 5 वर्षीय मासूम प्रिंस की हत्या

पुलिस ने नाबालिग बालिका को गिरफ्तार कर बाल न्यायालय में किया पेश

बालाघाट, नवप्रदेश।

सामान्य से कहासुनी हत्या तक पहुंच जाए ऐसा कई बार देखने को मिल जाता है। कई घटनाक्रम ऐसे हुए हैं जिसमें मामूली सी बात पर किसी ने किसी की हत्या कर दी हो लेकिन नाबालिक बच्चों के संदर्भ में कोई यह सोच भी नहीं सकता जैसा, खैरलांजी क्षेत्र के सालेटेका में हुए घटना के तहत सामने आया है। एक 16 वर्षीय बालिका ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक 5 वर्षीय बालक को नहर में धकेल दिया जिससे उसकी मौत हो गई तथा उसकी 7 वर्षीय बहन को तालाब में मरने के लिए छोड़ दिया गया था। जैसे तैसे वह जान बचा पाई और 16 वर्षीय नाबालिक की इस हरकत का खुलासा हो पाया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार योगेश्वरी पति सुरेंद्र किन्ही निवासी है तथा उसका मायका सालेटेका का है। पति सुरेन्द्र अक्सर कमाने के लिए बाहर जाया करता है, इस वजह से होने वाली परेशानियों को देखते हुए वह अपने मायके सालेटेका में ही आकर रहने लगी थी उसके साथ उसका 5 वर्षीय बालक प्रिंस, 7 वर्षीय बालिका तनु उर्फ आराधना रहा करते है। बताया जाता है कि रंजिश और सनसनीखेज हत्या की वारदात का मंसूबा बच्चों के बीच हुई बहस को लेकर उत्पन्न हुआ था। बीते दिनों प्रिंस और गांव की ही रहने वाली 16 वर्षीय बालिका जो कक्षा नवमी में अध्ययनरत है उसके साथ कुछ कहासुनी हुई जिसमें इस बालिका के चरित्र को लेकर कुछ शब्द कहे गए जो उसे नागवार गुजरे जिस पर उसने इसका बदला लेने की ठान रखी थी एक दिन वह 5 वर्षीय प्रिंस एवं 7 वर्षीय आराधना को अपने साथ साइकिल में बैठा कर गांव के बाहर ले गई जिसमें पहले तो प्रिंस को धक्का देकर नहर में गिरा दिया एवं बाद में तनु को भी तालाब में धकेल दिया और वहां से अपने घर लौट आई लेकिन प्रिंस तो नहर के पानी में कच्चेखनी की ओर बह कर चला गया। जबकि अन्नू किसी तरह तालाब की झाड़ियों को पकड़कर अपनी जान बचाने में कामयाब हुई जब वह घर लौटी तो उसने सारी सच्चाई बताई इधर पुलिस ने मर्ग कायम किया और मामले की जांच में जुटी हुई थी जिस पर तनु के बयान और उसके द्वारा बताई गई सारी तस्वीर पर सालेटेका निवासी 16 वर्षीय नाबालिक को 5 वर्षीय प्रिंस की हत्या एवं आराधना को मारने के प्रयास में धारा 302 307 भादवि के तहत मामला कायम किया है जिसे बाल न्यायालय में पेश किया गया है।

कटंगी में हटाये अतिक्रमण की हुई सराहना
जिले के सभी अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणो का समय सीमा में निराकरण के दिये निर्देश

बालाघाट, नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने 22 अक्टूबर को जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, बैहर एसडीएम तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर सतीश प्रधान, बालाघाट एसडीएम के सी बोपचे, वारासिवनी एसडीएम संदीप सिंह, लांजी एसडीएम रविन्द्र परमार, कटंगी एसडीएम राहित बम्होरे, किरनापुर एसडीएम सुश्री निकिता सिंह मंडलोई, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आयुषी जैन, राहुल नायक, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर डॉ मिश्रा ने सबसे पहले कटंगी एसडीएम रोहित बम्होरे एवं उनकी टीम द्वारा कटंगी में सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की सराहना की और कहा कि जिले के सभी स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही इसी तरह से की जाये। कटंगी की टीम द्वारा बिना किसी विवाद के आमजनों एवं व्यापारियों सभी के सहयोग से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया है, जो सराहनीय है। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि वे अपने क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेन की नियमित रूप से बैठक लें और खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते रहें। राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों का सतत निरीक्षण कर उनके अभिलेखों की जांच भी करते रहें। सभी एसडीएम को निदेज़शित किया गया कि वे प्रधानमंत्री उज्जवला योजना-2.0 के अपने क्षेत्र में क्रियान्वयन की समीक्षा करें और पात्र लोगों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरण का लक्ष्य पूर्ण करें। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे सड़क दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरणों में राहत राशि के प्रकरण अनावश्यक लंबित न रखें और उनका त्वरित निराकरण करें। सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें। राजस्व न्यायालय में अविवादित सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने कहा गया। बैठक में विभिन्न राजस्व मदों की वसूली की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। आरआरसी के प्रकरणों में बकायादारों से सख्ती से वसूली करने कहा गया। बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी पंचायत चुनावों के लिए वे अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का चयन कर उनका भ्रमण कर लें और वहां की व्यवस्थाओं को अच्छे से देख लें।

वन विभाग के उड़नदस्ता ने सागौन का लट्ठा परिवहन करते पाये जाने पर लट्ठा एवं वाहन किया जब्त

बालाघाट, नवप्रदेश। वन विभाग के उड़नदस्ता द्वारा गत दिनो अक्टूबर को गश्ती के दौरान सागौन की लकड़ी का अवैध रूप से परिवहन करते पाये जाने पर एक वाहन एवं 01 नग सागौन का लट्ठा जब्त किया गया है। बालाघाट वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक नरेंद्र कुमार सनोडिया के निर्देशानुसार वनक्षेत्रपाल धर्मेंद्र बिसेन, प्रभारी उड़नदस्ता वनवृत्त बालाघाट के मार्गदर्शन में वनपाल शिशुपाल गणवीर, नरेंद्र कुमार शेन्डे, विजयभान नागेश्वर, तिलक सिंह राहंगडाले, सौरभ यादव एवम वनरक्षक दिलीप पालेवार द्वारा दैनिक गश्ती के दौरान 21 अक्टूबर 2021 को वन परिक्षेत्र लालबर्रा (सामान्य) के अंतर्गत रानीकुठार-गनखेड़ा मार्ग पर दो व्यक्तियों द्वारा वाहन क्रमांक रव्क-50-रव्र-9209 से 01 नग सागौन लठ्ठा का परिवहन करते हुए देखा गया। उडनदस्ता टीम द्वारा उन्हें रोकने पर वाहन एवम लठ्ठा रास्ते पर ही छोड़कर दोनों व्यक्ति भाग गए। वाहन क्रमांक सर्च करने पर वाहन मालिक का नाम दीप सिंह पिता रामाजी पंद्रे निवासी ग्राम रानीकुठार होना पाया गया। इस पर वाहन एवम लठ्ठा का मौके पर पंचनामा तैयार कर जब्ती की कार्यवाही की गई। यह प्रकरण वन परिक्षेत्र लालबर्रा (सामान्य) के सुपूर्द कर विधिवत कार्यवाही की गई है।

टेमनी, कौड़ियाटोला एवं खपराझरी में जब्त किया गया 67 हजार 900 रुपये का महुआ लाहन

बालाघाट, नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन एवं कंट्रोल रूम प्रभारी एस डी सूर्यवंशी के नेतृत्व में ग्राम टेमनी, कौड़ियाटोला एवं खपराझरी में छापामार कार्यवाही कर 67 हजार 900 रुपये का महुआ लाहन जब्त किया गया है और आबकारी अधिनियम के अंतगज़्त 05 प्रकरण दर्ज किये गये है।

अवैध शराब रखने व बनाने की मुखबिर की सूचना पर आज 23 अक्टूबर को ग्राम टेमनी में छापामार कार्यवाही की गई । जिसमे वृत क्षेत्र के ग्राम टेमनी के अलग अलग स्थानों से प्लास्टिक की बोरियो मे भरा हुआ लगभग 340 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया है और आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 02 प्रकरण पँजीबद्ध किये गये है। जब्त महुआ लाहन का सेम्पल लेकर शेष लाहन नष्ट किया गया। जप्त लाहन और मदिरा की कीमत लगभग 23 हजार 800 रुपये है।

महाराष्ट्र मंडल ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

बालाघाट, नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल बालाघाट में गत १९ अक्टूबर को महाराष्ट्रीयन परिवारो ने बड़े उत्साह व उमंग के साथ कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। उत्सव के दौरान महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष मधुकर बुचुरकुंडे ने अपने संक्षिप्त उदबोधन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बाल कलाकार अर्जुन ठोम्बरे, कृष ठोम्बरे, चैताली पात्रीकर, उदिता करंदीकर, चन्द्रशेखर करंदीकर, नैनी देशमुख, अन्यया गोधे, समृध्दि गर्दे, अदिती याज्ञिक, अभिनव याज्ञिक, अश्विनी देशपांडे, अपेक्षा कुंडले सहित अन्य बच्चो द्वारा दी गई रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुती ने दर्शको का मन जीत लिया। बाल कलाकारो द्वारा दी गई मोहक प्रस्तुतियों के पश्चात कराओके गीत संगीत में भाग लेने वाले कलाकार में मोहन गाड़े, विजय केलकर, चन्द्रशेखर डोंगरे, अनिल करंदीकर, श्रीमति नेहा देशमुख, श्रीमति मोनल गाड़े, श्रीमति निशा पुरदेरे द्वारा दिये गये गीत संगीत के कार्यक्रम ने भी श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्रीय परिवार में कक्षा दसवी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु. अनुष्का कावरे को ५ सौ रूपये की राशी तथा बारहवी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र शुभम अग्निहोत्री को भी पांच सौ रूपये की राशि का प्रोत्साहन देकर सम्मानित किया गया।

जिले के किसानों के खाते में जमा हुई 2-2 हजार रु. की राशि

बालाघाट, नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 77 लाख किसानों के बैंक खाते में 1540 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की। इसमें बालाघाट जिले के किसान भी शामिल है। भोपाल के मिंटो हाल में आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम का जिला मुख्यालय सहित तहसील एवं जनपद पंचायत कार्यालयों में सीधा प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों को कृषि कार्य के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार प्रयास कर रहे है। प्रदेश सरकार भी किसानों की भलाई के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि, किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। कृषि के लिए किसानों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें उन्नतशील खेती करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं, बिजली, पानी, उन्नत बीज, खाद आदि सभी उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रदेश के किसानों की मेहनत से हमारी फसल में तीगुना इजाफा हुआ है और हमारा प्रदेश 7 वीं बार कृषि कर्मण पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सब हमारे किसान भाईयों की मेहनत का नतीजा है। उन्होने कहा कि, प्रदेश की सिंचाई क्षमता बढाकर 42 लाख हेक्टेयर प्रदेश की नदियो को जोड़कर की गई है और इसे 65 लाख हेक्टेयर तक बढाने का कायज़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को समय पर बिजली, सिंचाई के लिए पानी व उन्नतशील बीज, खाद एवं उवज़रक उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन द्वारा प्रतीक स्वरूप मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत ग्राम हीरापुर के भद्रूलाल महाते एवं अहमद अली को 02-02 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। बालाघाट जिले में इस योजना के अंतगज़्त 02 लाख 83 हजार से अधिक किसानों का सत्यापन किया जा चुका है।

ग्रामों के तालाबों एवं चेकडेम के चिन्हांकन के लिए चलाया जा रहा है तीन दिनो का विशेष अभियान

बालाघाट, नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध तालाबों एवं चेकडेम का आजीविका एवं रोजगार के लिए समुचित उपयोग किया जा सके इसके लिए तालाबों एवं चेकडेमों के चिन्हांकन का कार्य 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया है।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर से अगले 3 दिनो तक जिला एवं जनपद पंचायत के 300 से अधिक अधिकारी कर्मचारी एवं उपयंत्रियों का अमला गावों में जाकर वहाँ के सभी चेकडैम एवं तालाबों का सर्वे कर चिह्नांकन करेंगे। जिन तालाबों एवं चेकडैम के जीर्णोद्धार एवं सुधार की जरूरत होगी उनके जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही चिन्हित चेकडेम एवं तालाबों में जीविकोपार्जन के कार्य जैसे मत्स्य पालन, सिंघाड़ा उत्पादन के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस कार्य के लिए जिला एवं जनपद पंचायत का अमला 23 अक्टूबर से तीन दिनों तक प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से ग्रामों में चेकडेम एवं तालाबों के सर्वे एवं चिन्हांकन के लिए निकल जायेगा। तीन दिनों के इस अभियान के अंतर्गत चिन्हित तालाबों एवं चेकडेम के जीर्णोद्धार कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उपलब्धता बढ़ेगी और भू-जल स्तर बढ़ेगा। तालाबों एवं चेकडेम में उपलब्ध जल से लोगों को मत्स्य पालन एवं सिंघाड़ा उत्पादन के अवसर मिलेगें और इससे उन्हें आर्थिक लाभ होगा।

जिला एवं अनुभाग स्तरीय जांच दल ने उर्वरक विक्रेताओं के स्टाक का किया सत्यापन

बालाघाट, नवप्रदेश। जिले में बालाघाट, लालबर्रा, परसवाड़ा व बैहर विकासखंडों में कृषि विभाग के जिला स्तरीय जांच दल व अनुविभाग स्तरीय दल द्वारा उर्वरक विक्रताओं के प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर उर्वरक भण्डारण का सत्यापन किया। उप संचालक कृषि राजेश खोब्रागड़े ने बताया कि जिला एवं अनुभाग स्तरीय जांच द्वारा आज 23 अक्टूबर को न्यू नाकोड़ा किसान भंडार बालाघाट, दिवित एग्रो व नीलम ट्रेडर्स गर्रा, नटराज एग्रो चंदना परसवाड़ा, लकी ट्रेडर्स मोहगांव बैहर का सत्यापन किया गया। जिसमें नटराज एग्रो का प्रतिष्ठान बंद पाया गया। जिस पर उसके संचालक को नोटिस जारी किया गया है। जाँच दल में विनय धुर्वे सहायक संचालक, एस.आर. धुर्वे अनुविभागीय कृषि बैहर व कृषि विकास अधिकारी परसवाड़ा एम.डी. परते, बालाघाट मौजूद रहे।

पानी पुरी एवं चाट की दुकानों की हुई जांच, पानी पुरी के दो नमूने की प्रयोगशाला में होगी जांच

बालाघाट, नवप्रदेश। शहर में पानी पुरी खाने से बीमार पड़ने की शिकायतों को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने गंभीरता से लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम को ऐसी खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सतत जांच करने एवं स्वच्छता व नियमों का पालन नहीं करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इसी कड़ी में 22 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे एवं उनकी द्वारा द्वारा बालाघाट नगर में सघन कार्यवाही की गई। जिसमें स्नेह नगर प्रेम नगर स्थित जय हनुमान चाट भंडार, जनता चाट भंडार, जय माता दी चाट भंडार, मोती गार्डन स्थित इंडियन चाट एवं गुपचुप भंडार, काली पुतली चौक स्थित असाटी चाट भंडार आदि का निरीक्षण कर पानी पुरी के 02 नमूने जांच हेतु लिए गए। जांच के दौरान पाया गया कि अधिकांश विक्रेताओं के पास खाद्य सामग्री विक्रय का खाद्य पंजीयन नहीं है एवं खाद्य सामग्री तैयार करने व विक्रय करने में साफ-सफाई का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते पानी पुरी एवं चाट विक्रय करने वाले लोगों के न्यायालयीन प्रकरण तैयार किये जा रहे है। वहीं खाद्य सामग्री तैयार करने एवं विक्रय करने वाले सभी लोगों से अपील की गई है कि वे खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कड़ाई से पालन करें और बगैर पंजीयन के खाद्य सामग्री का विक्रय न करें। खाद्य सामग्री तैयार करने से लेकर विक्रय करने तक साफ-सफाई एवं स्वचछता का कड़ाई से पालन करें।

वरीष्ठो ने गांव की संस्कृति को डंडार नाटक जैसे पुरातन लोक कार्यक्रमों को बचा कर रखा हैः गौरवसिंह पारधी

मेंढकी पवारी टोले में हुआ डंडार कार्यक्रम का आयोजन

बालाघाट, नवप्रदेश।

वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेंडकी के पवारी टोले में कार्तिक मास के अवसर पर डंढार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिव शक्ति डंडयार मेढकी के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गौरव सिंह पारधी जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालाघाट उपस्थित रहे साथ ही बालमुकुंद बिसेन, सरपंच सचिन बिसेन, मुकदम रणधीर बिसेन, योगराज ठाकरे, संतोष ठाकरे, संजय ठाकरे, नरबद लक्षणे, मिथुन हनवत, भूमेश्वर हनवत, राहुल हनवत, दुर्गा हनवत, सुरेश हनवत, गौरी हनवत, बुधराम बिसेन, सत्यम खांडे, रूपेश हनवत, दीपक हनवत, डेलीराम बिसेन, अतुल हनवत, शिवानंद बिसेन, संतोष हनवत, धनुलाल हनवत, दीपक बिसेन, गोलाराम बिसेन, संदीप ठाकरे, छोटू ठाकरे, झंकार ठाकरे सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरवसिंह पारधी ने कार्यक्रम कहा की लोक गायक एवं लोक संस्कृति को बचाने में ग्राम के वरिष्ठ जन का विशेष योगदान रहा है वहीं उनके ग्राम के नागरिक नरेंद्र बिसेन एवं ग्राम की सभी श्रेष्ठ कलाकारों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के 15-20 गांव में से एक गांव मेंढकी भी है जिसने अपने गांव की संस्कृति को डंडार नाटक जैसे पुरातन लोक कार्यक्रमों को बचा कर रखा है।

रिटायर्ड सीईओ की नहीं खुल पाई है अभी तक तिजोरी

जबलपुर ईओडब्ल्यू ने बैंक को लॉकर तोड़ने के लिए लिखा पत्र, सोमवार को खोला जाएगा, कान्हा के पास मिली एक और जमीन

जबलपुर/ नव प्रदेश।

आय से अधिक मामले में घिरे आदिम जाति कल्याण विभाग से रिटायर्ड नागेंद्र यादव के तीनों बैंक लॉकर नहीं खुल पाए। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) की एक टीम शुक्रवार 22 अक्टूबर को पूरे दिन मंडला में लॉकर की चाबी ढूंढने में परेशान रही। अब सोमवार को बैंक के विशेषज्ञ टीम द्वारा लॉकर तोड़ा जाएगा। आरोपी के यहां से जब्त दस्तावेजों की जांच में कान्हा के पास आधा एकड़ एक और जमीन मिली है। ये काफी महंगी बताई जा रही है।

ईओडब्ल्यू सूत्रों के मुताबिक आरोपी के दो लॉकर एसबीआई और एक इलाहाबाद बैंक में है। तीनों की चाबी नागेंद्र यादव ने मंडला स्थित मकान में होने की बात कही थी। एक टीम उसे लेकर शुक्रवार को मंडला पहुंची। पूरे दिन उसके मकान में चाबी खोजा गया, लेकिन नहीं मिला। इसके बाद लॉकर तोड़ने का निर्णय लिया गया है। ईओडब्ल्यू एसपी देवेंद्र सिंह राजपूत के मुताबिक सोमवार को लॉकर हैंडलर कंपनी के इंजीनियर उसे तोड़ने आएंगे। अन्य संपत्तियों व दस्तावेजों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

20 लाख से अधिक का घरेलू सामान

आरोपी नागेंद्र यादव के मंडला महाराजपुर स्थित पैतृक मकान में 20 लाख रुपए से अधिक का घरेलू सामान मिला है। महंगी टीवी, फ्रीज, एसी, सोफा सहित सारे ऐशो आराम की सामग्री मिली है। उसकी कीमत का आंकलन किया जा रहा है। इसी तरह के घरेलू सामान जबलपुर तिलहरी स्थित थीम पार्क में फ्लैट नंबर 114 में भी मिला है। उसकी भी लिस्ट बनाई गई है।

आधा एकड़ जमीन कान्हा में मिला– आरोपी नागेंद्र यादव ने मंडला में जनपद पंचायत सीईओ का प्रभार संभालने के दौरान ही कान्हा नेशनल पार्क स्थित मोचा गांव में आधा एकड़ जमीन खरीदी है। नेशनल पार्क के पास उक्त जमीन होने के चलते ये काफी कीमती मानी जा रही है। वहीं भोपाल में दूसरा फ्लैट उसने बड़ी बेटी के नाम से खरीदा है।

धोखाधड़ी के मामले में रहा निलंबित– ईओडब्ल्यू सूत्रों के मुताबिक आरोपी नागेंद्र यादव की भर्ती आदिम जाति कल्याण विभाग मंडला में मंडल संयोजक के पद पर वर्ष 1990 में हुई थी। वर्ष 2005 में वह प्रति नियुक्ति पर जनपद पंचायत घुघरी मंडला, फिर घुंसौर सिवनी और शहडोल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर रहे। आरोपी ने अधिकतर संपत्तियां 9 मार्च 2005 के बाद बनाई है।

आरोपी के खिलाफ 2015 में मंडला में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। दो साल वह जेल और निलंबित रहा। इसके बाद वह बहाल हुआ तो जबलपुर आदिम जाति कल्याण विभाग में अटैच कर दिया गया था। यहीं से मार्च 2020 में वह रिटायर हुआ था। धोखाधड़ी के प्रकरण में वह बरी हो चुका है।

ये था मामला

आरोपी नागेंद्र यादव के खिलाफ वर्ष 2010 में ईओडब्ल्यू के पास आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत पहुंची थी। 11 सालों तक चली जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, आय से अधिक संपत्ति, साजिश रचने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर 21 अक्टूबर को एक साथ जबलपुर के तिलहरी और मंडला में उसके पैतृक गांव महाराजपुर में दबिश दी थी।

प्रारंभिक जांच में मिली संपत्ति

आरोपी ने वेतन से बचत किया- 11,91,807 रुपए

खर्च किया-97,30,181 रुपए

प्रारंभिक आंकलन में अतिरिक्त आय- 85,38,374 रुपए

यह उसकी कुल कमाई का 716ल अधिक है।

चरित्र संदेह : पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

जबलपुर में पति ने पत्नी को घायल करने के बाद फंदे से झूल कर दे दी जान

जबलपुर/ नव प्रदेश। चरित्र संदेह पर एक सिरफिरे पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया। उसे निजी अस्पताल से मेडिकल में भर्ती कराया गया है। उसके चेहरे पर चोटें आई है। उधर, पति ने आत्मग्लानि में फंदे से झूल गया। गढ़ा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। गढ़ा पुलिस के अनुसार इंद्रा बस्ती छुई खदान निवासी कल्लू बर्मन का 21 अक्टूबर को पत्नी भगवती बर्मन से विवाद हो गया था। बेटे राहुल बर्मन के मुताबिक पिता ने गुस्से में मां पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया था। चेहरे पर भगवती बाई को चोटें आई हैं। पत्नी को घायल कर कल्लू वहां से भाग गया। बेटा राहुल बर्मन मां को पहले निजी अस्पताल ले गया और वहां से रेफर करने पर मेडिकल में भर्ती कराया गया है।

पत्नी के चरित्र पर करता था संदेह– गढ़ा पुलिस के मुताबिक कल्लू बर्मन पत्नी भगवती बाई के चरित्र पर संदेह करता था। इसे लेकर अक्सर विवाद होता रहता था।

सिंघाड़ा का धंधा करने वाला कल्लू बर्मन शराब के नशे में घर पहुंच कर पत्नी से विवाद के बाद कुल्हाड़ी से वार किया था। इसके बाद वह भाग कर इंद्रा नगर रिश्तेदार महेश बर्मन के घर पहुंचा। वहां मकान के पीछे बने एक पेड़ में रस्सी का फंदा लगाकर झूल गया।

पति पर मारपीट का मामला पुलिस ने किया था दर्ज– गढ़ा टीआई राकेश तिवारी के मुताबिक घायल हालत में बेटा राहुल मां भगवती बाई को लेकर थाने पहुंचा था। इस मामले में आरोपी कल्लू बर्मन (42) के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। बाद में पता चला कि कल्लू ने भी सुसाइड कर लिया है। उसके शव का पीएम कराते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया गया है।

पिता को दो लोग कर रहे थे ब्लैकमेल– बेटे राहुल ने आरोप लगाया है कि मोहल्ले के राजा चक्रवर्ती और पंडित नाम के दोयुवक कोई आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए पिता को ब्लैकमेल कर रहे थे। इस दबाच के चलते नौ दिनों तक उसके पिता गायब थे। इसके बाद वे लौटे थे। बेटे ने उक्त दोनों आरोपियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गढ़ा टीआई राकेश तिवारी के मुताबिक परिजनों के बयान और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

लापता युवक की नर्मदा में मिली लाश

जबलपुर नेशनल हॉस्पिटल में करता था काम, मोबाइल किया रिसेट, बाइक और पर्स छोड़ गया था, शव रखकर प्रदर्शन

जबलपुर/ नव प्रदेश। जबलपुर में 26 वर्षीय युवक की लाश सिवनी टोला स्थित रामरमाघाट में उतराती मिली। सुपरवाइजर का काम करने वाला युवक 20 अक्टूबर की रात एक बजे नेशनल हॉस्पिटल से निकला, तो फिर लाश ही मिली। उसका मोबाइल, पर्स और बाइक हास्पिटल में ही मिली।

21 को परिजनों ने हॉस्पिटल प्रबंधन की सूचना पर लार्डगंज थाने में पहुंच कर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लाश उसकी तिलवारा पुलिस ने बरामद करते हुए पीएम कराया। इसके बाद परिजनों ने हॉस्पिटल के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया।

अधारताल कटरा निवासी मनीष सेन (26) पिछले 8-9 सालों से नेशनल हॉस्पिटल में सुपरवाइजर का काम कर रहा था। उसकी नाइट ड्यूटी रहती थी। 20 अक्टूबर को भी वह घर से नाइट ड्यूटी पर निकला था। 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे हॉस्पिटल प्रबंधन ने पिता विनोद सेन को बताया कि उनका बेटा 20 अक्टूबर की देर रात एक बजे से गायब है। हैरान-परेशान परिजन हॉस्पिटल पहुंचे तो उसका मोबाइल, पर्स और बाइक मिला। मोबाइल रिसेट किया हुआ था और सिम गायब थी। पिता ने लार्डगंज थाने में गुम इंसान कायम कराया।चचेरे भाई संतोष श्रीवास के मुताबिक अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में मनीष 20 अक्टूबर

की रात को दो से तीन बार निकलते हुए दिखा था। इसके बाद की रिकॉर्डिंग गायब है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि लाइट कट होने की वजह से रिकॉर्डिंग नहीं हो पाई। परिजनों ने आरोप लगाए कि जब वह रात एक बजे हॉस्पिटल से निकल गया तो सूचना अगले दिन सुबह 11 बजे क्यों दी गई?

तीसरे दिन मिली लाश, कपड़ों से की पहचान

परिजन मनीष की तलाश में परेशान होते रहे। लार्डगंज पुलिस ने भी परिजनों द्वारा बताए गए अस्पताल के संदेहियों से कोई पूछताछ नहीं की। चचेरे भाई संतोष श्रीवास के मुताबिक 22 अक्टूबर की शाम को उसकी लाश सिवनी टोला के पास रामरमाघाट में उतराती हुई मिली।

थाने से बताया गया तो वे मौके पर पहुंच कर कपड़ों से उसकी पहचान की। मनीष के पूरे कपड़े व जूते शरीर पर मौजूद थे। उनका दावा है कि मनीष कुछ समय से परेशान था और नौकरी छोड़ने की बात कह रहा था। उसे अस्पताल में प्रताड़ित किया जा रहा था।

दो बच्चों को छोड़ कर लिया सुसाइड

इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

जबलपुर/ नव प्रदेश। दो बच्चों की मां ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। पति ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां तीन दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। सुसाइड की वजह घरेलू विवाद बताया जा रहा है। भेड़ाघाट पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

भेड़ाघाट पुलिस के मुताबिक हीरापुर बंधा निवासी राजकुमार ठाकुर राजगीर मिस्त्री का काम करता है। उसकी पत्नी वर्षा ठाकुर (29) ने बीते 20 अक्टूबर को जहर खा लिया था। दरअसल वह मोहल्ले में पूजा करने गई थी। वहां से लौटी तो पति से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद उसने कुछ खा लिया।

तबियत बिगड़ने पर परिजनों को पता चला– पति राजकुमार के मुताबिक रात में उसकी पत्नी वर्षा उल्टी कर रही थी। तब पता चला कि उसने कुछ जहर खा लिया है। इसके बाद वह उसे लेकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां 22 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। भेड़ाघाट पुलिस ने शनिवार 23 अक्टूबर को पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

दो बच्चें हैं वर्षा के

वर्षा के दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी रागिनी 8 वर्ष और बेटा संस्कार 6 वर्ष के हैं। जेठानी ने दोनों बच्चों को संभाल रखा है। पति राजकुमार ठाकुर के मुताबिक सुसाइड की वजह उसे समझ में नहीं आ रहा है। उसका ऐसा कोई विवाद भी नहीं हुआ था। भेड़ाघाट टीआई शफीक खान के मुताबिक पीएम रिपोर्ट और परिजनों के कथन के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

जबलपुर में तीन शातिर चोर गिरफ्तार: आरोपियों की निशानदेही पर 5 दोपहिया वाहन जब्त, 15 से 20 हजार रुपए में बेच देते थे आरोपी

गोहलपुर पुलिस ने तीन शातिर चोरों से 5 बाइक जब्त की है, आरोपी महंगे शौक और गर्लफ्रेंड को गिफ्ट देने के लिए करते थे चोरी

जबलपुर/ नव प्रदेश।। जबलपुर की गोहलपुर पुलिस ने तीन शातिर चोरों को शुक्रवार 23 अक्टूबर को दबोचा है। तीनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने पांच बाइक जब्त किए हैं। आरोपी 15 से 20 हजार रुपए में बाइक बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहे थे। आरोपियों के पुराने रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। गोहलपुर टीआई अरविंद चौबे के मुताबिक 23 अक्टूबर की रात में मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक नई बाइक काफी सस्ते में बेचने की बात कर रहे थे। पुलिस ने गाजी नगर पानी की टंकी के पास दबिश देकर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। उनकी पहचान तिलगवां खमरिया हाल निवासी जेडीए अपार्टमेंट शताब्दीपुरम विजय नगर निवासी विकास ठाकुर (20), टिमरी माढ़ोताल निवासी मनीष रायजादा (श्रीवास्तव) (22), शताब्दीपुरम विजय नगर निवासी रियाज खान (31) के रूप में हुई।

मौके पर दो वाहन जब्त– आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एमपी 20 एमवी 2166 और एमपी 20 एसक्यू 4558 नंबर वाहन को जब्त किया। आरोपी उक्त वाहन 15 से 20 हजार रुपए में बेचने की बात कर रहे थे। तीनों वाहन संबंधी दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पूछताछ में विकास ठाकुर ने बताया कि उक्त बाइक तीनों ने 2 माह पूर्व गोलबाजार से और एक्टीवा एमपी 20 एस.क्यू. 4558 को 5 दिन पूर्व शताब्दीपुरम से चुराया था।

तीन वाहन आरोपियों के घर मिले– पूछताछ में तीनों के घर से तीन दोपहिया वाहन और जब्त किए गए। आरोपियों ने एमपी 20 केएच 7697 को 15 दिन पूर्व शैल्वी अस्पताल के सामने से, एमपी 20 एसएम 6662 को एक साल पहले शताब्दीपुरम से और वाहन बिना नंबर की 2 माह पहले गोलबाजार से चुराया था। जब्त वाहन की कीमत तीन लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी बाइक बेच कर मिले पैसे से महंगे मोबाइल, शराब-मुर्गा पार्टी और पहनावे पर खर्च करते थे। तीनों की गर्लफ्रेंड भी है। उनके भी महंगा गिफ्ट देते रहते थे। आरोपियों पूछताछ जारी है।

बालिकाओं को दिखाई सेवा कार्य की राह

जबलपुर/ नव प्रदेश। कोरोना के दौरान सबसे ज्यादा आवश्यकता महसूस की गई संवेदनशीलता की। एक- दूसरे के प्रति संवेदनाओं ने ही सभी को इस महामारी का सामना करने की शक्ति दी। इन्ही संवेदनाओं को युवाओं और बच्चों के मन मे जगाने के उद्देश्य से दिगंबर जैन महिला परिषद की आदिनाथ शाखा की आदि बालिका मंडल द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। संयोजक मनीषा जैन ने बताया कि बालिका मंडल की सदस्यों को सेवा कार्यों से जोड़ा जा रहा है। उन्हे बताया जा रहा है कि वे किसी भी खास मौके पर जरूरतमंदों की मदद करके कैसे किसी अवसर को खास बना सकती हैं। इसी कड़ी में आचार्य विद्यासागर महाराज के जन्मदिन पर बालिका मंडल की सदस्यों को सेवा कार्य के लिए प्रेरित किया। जिसके अंतर्गत सदस्यों ने तिलक भूमि तलैया में जरूरतमंदों को कपड़े, अनाज, फल और बिस्किट और अन्य वस्तुओं का वितरण किया।

कविता की सांझ में बही काव्यधारा

जबलपुर/ नव प्रदेश। विश्व संवाद केंद्र महाकोशल प्रांत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जबलपुर द्वारा शरदोत्सव व महर्षि वाल्मीकि जयंती पर काव्य सांझ का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि प्रकाश श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि डा. नरेश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि मनोज शुक्ल मनोज रहे। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए तिलक वंदना की गई।

नव प्रदेश दैनिक अखबार में मार्केटिंग के लिए कुशल एवं अनुभवी व्यक्ति संम्पर्क करें, साथ ही समस्त जिले एवं ब्लॉक में संवाददाता नियुक्त करना है।
संम्पर्क करें:- नव प्रदेश कार्यालय
होटल सन पैलेस, भाटिया टायर के पीछे
पुराना बस स्टैंड, जबलपुर (म.प्र.)
फोन: 0761- 4924975
मों: 7000721804

Nelesh09@gmail.com 9425387582
VISHAM
Time Art MOBILE RETAIL PARTNER
Realme Oppo mi SAMSUNG VIVO ONEPLUS
10, Corporation Market Naudra Bridge, Jabalpur

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरूम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईक्रोनिक काजल फ्री
पता: चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मों: 9826243750

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402, कौशल्या विहार, नेपियर टाउन 482001 प्रकाशित, संपादक-सुशील दत्त
प्रबंध संपादक- जगदीश सकतेल, सह प्रबंध संपादक- शिवचरण समुद्रे, सलाहकार संपादक-रविकरण साहू email: navpradeshjbp123@gmail.com फोन-0761-4924975